मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

अभिव्यक्ति

(संयुक्तांक 2023-24 एवं 2024-25)

पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
उत्तिष्ठत् जाग्रत प्राप्यवरान्निबोधत

पं० दीन दयाल उपाध्याय
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजाजीपुरम्, लखनऊ

नैक द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित ग्रेड 'बी' दिनांक 08.01.2011

Website : www.ggpgcrajajipuram.com

महाविद्यालय प्राचार्य

डॉ. रमेश चन्द्र वर्मा
प्राचार्य

सम्पादक मण्डल

बाएँ से दाएँ - डॉ० पूनम पाण्डेय, डॉ० प्रज्ञा मिश्रा, प्रो० सुरंगमा यादव, प्रो० रमेश चन्द्र वर्मा (प्राचार्य), प्रो० रीता अग्निहोत्री, प्रो० पवन कुमार मौर्य, श्रीमती साधना सिंह यादव

अभिव्यक्ति

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना
या ब्रह्माच्युतशंकरप्रभृतिभीदेवैः सदा वंदिता
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा
शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमामाद्यां जगद्व्याप्निम
वीणा-पुस्तक- धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम
हस्ते स्फाटिकमालीकां विदधती पद्मासने संस्थिताम
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिपदां शारदाम
या देवी सर्वभूतेशु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
1916
2016



अभिव्यक्ति

अभिव्यक्ति

(संयुक्तांक 2023-24 एवं 2024-25)

संरक्षक/प्राचार्य

प्रो0(डॉ0) रमेश चन्द्र वर्मा

प्रधान सम्पादक

प्रो0(डॉ0) रीता अग्निहोत्री

सह-सम्पादक

डॉ0 सुरंगमा यादव
डॉ0 पवन कुमार मौर्या
डॉ0 प्रज्ञा मिश्रा
श्रीमती साधना सिंह यादव
डॉ0 पूनम पाण्डेय

पं० दीन दयाल उपाध्याय
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजाजीपुरम्, लखनऊ

नैक द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित ग्रेड 'बी' दिनांक 08.01.2011
Website : www.ggpgcrajajipuram.com

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

सत्यमेव जयते

राज भवन
लखनऊ – 226 027

सन्देश

मुझे जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ द्वारा पत्रिका **"अभिव्यक्ति"** का प्रकाशन किया जा रहा है।

देश, समाज और परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिये छात्र–छात्राओं को शिक्षित करना बहुत ही आवश्यक है। मुझे आशा है कि पत्रिका **"अभिव्यक्ति"** में छात्र एवं छात्राओं के लिये ज्ञानवर्द्धक एवं रोचक पाठ्य सामग्री का समावेश किया जायेगा।

पत्रिका **"अभिव्यक्ति"** के सफल प्रकाशन के लिये मै अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

आनंदीबेन

(आनंदीबेन पटेल)

संख्या-

योगी आदित्यनाथ

मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लोक भवन,
लखनऊ - 226001

दिनांक :

सन्देश

मुझे जानकर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ द्वारा पत्रिका **''अभिव्यक्ति''** का प्रकाशन किया जा रहा है।

शिक्षा विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने, मेहनती एवं अनुशासित बनने की क्षमता प्रदान करती है। मुझे खुशी है कि पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम् इस दिशा में अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा हैं।

पत्रिका **''अभिव्यक्ति''** के उद्देश्यपरक प्रकाशन के हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(योगी आदित्यनाथ)

योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री
उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,
इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

कक्ष सं0–मुख्य भवन, 63बी/डी
विधान भवन, लखनऊ।
दूरभाष– 2238051(कार्या0)

दिनाँक–

सन्देश

मुझे जानकर प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ द्वारा पत्रिका **''अभिव्यक्ति''** का प्रकाशन किया जा रहा है।

शिक्षा विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने, मेहनती एवं अनुशासित बनने की क्षमता प्रदान करती है। मुझे खुशी है कि पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम् इस दिशा में अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है।

पत्रिका **''अभिव्यक्ति''** के उद्देश्यपरक प्रकाशन के हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(योगेन्द्र उपाध्याय)

रजनी तिवारी
राज्य मंत्री
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश

कार्या. : जी-2/3, तृतीय तल, बापू भवन,
उत्तर प्रदेश सचिवालय, लखनऊ
दूरभाष कार्यालय : 0522-2238980
सी. एच. : 0522-2214808

सन्देश

मुझे जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम्, लखनऊ द्वारा अपनी पत्रिका **''अभिव्यक्ति''**के संयुक्तांक का प्रकाशन किया जा रहा है।

इसमें महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों व महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक लेख प्रकाशित किये जायेंगे। आशा है कि लेखों के संग्रह के द्वारा पत्रिका छात्र–छात्राओं के लिए पथ–प्रदर्शक का कार्य करेगी।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

रजनी तिवारी

(रजनी तिवारी),

आवास 1- डालीबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
दूरभाष 0522-2205445

कैम्प कार्यालय हरदोई, उत्तर प्रदेश
दूरभाष 05852-222100

श्री एम0पी0 अग्रवाल,
आई.ए.एस.

प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद।
कार्या : 0522-2238122, 2213404
ई–मेल : pshed2022@gmail.com
लखनऊ :

संदेश

उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद का गठन प्रदेश में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा की गुणवत्ता में उत्कृष्टता स्थापित करने के उद्देश्य से वर्ष 1995 में की गयी थी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि सुनिश्चित किये जाने के प्रयास के फलस्वरूप उच्च शिक्षा विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया जा रहा है। गुणवत्ता के उच्चस्तरीय मूल्यांकन के लिए विभाग द्वारा समय–समय पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार मूल्यांकन की तैयारी हेतु समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं को प्रेरित किये जाने के दिशा–निर्देश दिये जाते हैं। उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद उन दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन के लिये समस्त संबंधित को वर्चुअल बैठकों के माध्यम से एवं दिशा–निर्देश जारी करके अच्छी ग्रेडिंग के लिये सदैव प्रयासरत रहने हेतु मार्गदर्शन दिया जाता है।

उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा की गुणवत्ता में उत्कृष्टता स्थापित करने के साथ–साथ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस/सेमिनार/ सिम्पोजियम/रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट योजनाओं के माध्यम से आर्थिक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिये उ0प्र शासन से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के माध्यम से कराकर समिति की संस्तुतियाँ आवश्यक स्वीकृतियाँ जारी किये जाने हेतु शासन को प्रेषित की जाती हैं। प्रदेश सरकार की योजनाओं के संचालन में शीघ्रता के साथ–साथ शोध कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 लागू किये जाने के उपरान्त प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। विशेष कर शिक्षा संबंधी योजनाओं के माध्यम शिक्षा को रोजगार परक बनाने पर बल दिया जा रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर सौंपे गये कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के समन्वय का कार्य उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा तत्परता से किया जा रहा है तथा विभिन्न बैठकों के माध्यम से आये विचारों को समाहित कर अग्रेतर प्रगति में वृद्धि सुनिश्चित किये जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद के वार्षिक विवरण 2022–23 एवं 2023–24 संयुक्तांक में समाहित सामग्री के विषय में विद्वतजन के सुझाव आमंत्रित हैं, जो परिषद का मार्गदर्शन करने में सहायक होंगे।

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव/सदस्य सचिव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

प्रो. आलोक कुमार राय
कुलपति
Prof. Alok Kumar Rai
Vice Chancellor

पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ, वार्षिक पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का प्रकाशन करने जा रहा है, जो अत्यन्त सराहनीय है। **''अभिव्यक्ति''** का संयुक्तांक महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं की प्रतिभा को निखारने एवं उनके भविष्य को प्रगति की सकारात्मक दिशा देने में सहायक होगा।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु पत्रिका के सम्पादक–मण्डल, रचयिताओं एवं समस्त छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना।

(प्रो० अलोक कुमार राय)

प्राचार्य की कलम से .....

पं० दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का नवीन संयुक्तांक सत्र 2023–24 एवं 2024–25 आप सुधीजनों के हाथों में अर्पित करते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है। समयानुसार होने वाले सामाजिक परिवर्तनों की साक्षी रूप में **'अभिव्यक्ति'** साहित्य के विभिन्न स्वरूपों में देखने को मिलती है। छात्राओं और प्राध्यापकों की रचनाओं में यह समयानुकूल परिवर्तन दृष्टिगत होता है तथा महाविद्यालय प्रगति को प्रतिबिम्बित करता है।

इस महाविद्यालय की 27 वर्षों की प्रगति यात्रा का क्रम 1997 में 07 विषयों में कला संकाय बी०ए० की शिक्षा से प्रारम्भ होकर वर्तमान में 11 विषयों में बी0ए0, 05 विषयों में एम०ए०, विज्ञान संकाय में बी०एस–सी० व रसायन विज्ञान में एम०एस–सी० की शिक्षा, वाणिज्य संकाय में बी०काम की शिक्षा दी जा रही है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का सत्र 2021 से लागू होना शिक्षा व्यवस्था के क्रान्ति कारी परिवर्तन का द्योतक है। अपरिमित सम्भावनाओं को संजोये हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रोजगारपरक विषयों से सह पाठ्यक्रम व व्यवसायिक पाठ्यक्रम के माध्यम से परिचित कराती शिक्षा व्यवस्था निश्चित रूप से देश की युवा पीढ़ी को कार्य क्षेत्र के विविध नये आयामों की ओर अग्रसर करेगी।

महाविद्यालय के विद्वान व कर्मठ प्राध्यापकों के नेतृत्त्व में छात्राएँ निश्चित ही सफलता के सोपान चढ़ेंगी व महाविद्यालय प्रकाश स्तम्भ की आभा को बढ़ायेंगी। महाविद्यालय कार्यालय के सभी कर्मठ सदस्यों का महाविद्यालय प्रगति में सहयोग सराहनीय है ।

पत्रिका के स्वरूप को निखारने में छात्राओं, प्राध्यापकों विद्वत संपादक मण्डल व प्रकाशक के सहयोग के लिए हृदय से आभार। आशा है सभी सुधीजनों का आशीर्वाद महाविद्यालय पत्रिका के इस नवीन अंक को अवश्य मिलेगा । हम अमूल्य सुझावों का स्वागत करेंगे।

प्रो० (डॉ०) रमेशचन्द्र वर्मा
प्राचार्य

सम्पादकीय

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम, लखनऊ अपनी पत्रिका **'अभिव्यक्ति'** का संयुक्तांक, 2023–24 एवं 2024–25 आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहा है। **'अभिव्यक्ति'** महाविद्यालय का दर्पण है तथा समस्त छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारी गण के सतत् प्रयास का प्रतिफल है।

यह पत्रिका छात्राओं के शैक्षिक उत्थान, बौद्धिक विकास एवं रचनात्मक क्षमता को आलोकित करने में सहायक है। कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की छात्राओं से प्राप्त रचनाओं, निबंध, कविता लेख आदि को संपादक–मंडल द्वारा संकलित किया गया तथा गुण–दोष, रोचकता, सार्थकता आदि के आधार पर संकलित मौलिक रचनाओं का चयन किया गया। प्राध्यापकों के अनुभवजन्य लेखों व रचनाओं ने **'अभिव्यक्ति'** को अलंकृत कर सर्वोपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। महाविद्यालय की प्रगति आख्या, महाविद्यालय वार्षिक समारोह, क्रीड़ा समारोह, रेंजर्स समारोह, राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक आख्या एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित प्रमुख महत्वकांक्षी योजनाओं यथा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान, मिशन–शक्ति, नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत होने वाले विविध कार्यक्रमों के छायांकन सहित आख्या को पत्रिका में सम्मिलित किया गया है जिससे पत्रिका और भी रोचक एवं ज्ञानवर्धक हो गयी है इसके लिये, सम्पादक मण्डल एवं महाविद्यालय परिवार बधाई का पात्र है।

अभिव्यक्ति के प्रकाशन में महाविद्यालय के विद्वान, सौम्य एवं उदार प्राचार्य प्रो0 रमेश चन्द्र वर्मा जी के समय–समय पर निर्देशन एवं मार्गदर्शन के लिए सम्पादक मंडल हृदय से आभार व्यक्त करता है।

हम आशा करते हैं कि **'अभिव्यक्ति'** के संयुक्तांक, 2023–24, 2024–25 का प्रकाशन निश्चित ही पाठकगण के लिये ज्ञानवर्धक एवं रोचक सिद्ध होगा।

सम्पादक मण्डल

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विवरण	लेखक	पृ.सं.
01.	वार्षिक आख्या 2024–25	––	01–02
02.	महाविद्यालय गौरव गीत	डॉ0 रमेश चन्द्र वर्मा प्राचार्य / प्रोफेसर वाणिज्य	03
03.	महाविद्यालय के प्रति	डॉ0 सुरंगमा यादव प्रो0 हिन्दी	03
04.	ज़िन्दगी	श्रेया वर्मा बी0ए0 तृतीय वर्ष	03
05.	पिता	सरिता रावत बी.ए. तृतीय वर्ष	03
06.	वार्षिकोत्सव एवं मेधा सम्मान समारोह	––	04
07.	मेधा सम्मान समारोह 2023–2024	––	05
08.	वार्षिकोत्सव की झलकियाँ	––	06
09.	गृहिणी की गृह सेवा का महत्त्व	शिवानी रावत बी.ए. द्वितीय वर्ष	07–08
10.	साइबर अपराध	मनीषा अवस्थी बी.ए. द्वितीय वर्ष	08–09
11.	समय की कीमत	खुशी कुमारी बी.ए. प्रथम वर्ष	09–10
12.	शिक्षक दिवस	शिवानी मौर्या बी.ए. प्रथम वर्ष	10
13.	बेटियाँ	सोनाली रावत बी.ए. प्रथम वर्ष	10
14.	बेवकूफ़ राजा	सुनेहा बी.ए. प्रथम वर्ष	10
15.	क्या आप जानते हैं	महवीश बी.ए. प्रथम वर्ष	11
16.	महिला सशक्तिकरण	वंशिका यादव बी.ए. प्रथम वर्ष	11–12
17.	हिन्दी दिवस	उषा देवी बी.ए. प्रथम वर्ष	12
18.	सुविचार	प्रियंका बी.ए. प्रथम वर्ष	12
19.	प्रेरक कहानी	स्वाति गौतम बी.ए. प्रथम वर्ष	13
20.	सामान्य ज्ञान	शालिनी गौतम बी.ए. द्वितीय वर्ष	13
21.	कलम का इतिहास	शालिनी गौतम बी.ए. द्वितीय वर्ष	13
22.	ये शिक्षक कहलाते हैं	उम्मे हानी एम.ए. द्वितीय वर्ष	13
23.	मैं भारत की बेटी	शिवानी रावत बी.ए. द्वितीय वर्ष (स्वरचित)	14
24.	तिरंगे का कर्ज़	उम्मे हनी एम.ए. द्वितीय वर्ष	14
25.	रानी लक्ष्मीबाई जिनकी गाथा मैं सुनाती हूँ	खुशी भारद्वाजबी.ए. द्वितीय वर्ष (स्वरचित)	14
26.	पिता	एकता पाण्डेय एम.ए. प्रथम वर्ष	15
27.	पहचान	सलोनी गौतम (स्वरचित) बी.एस–सी. प्रथम वर्ष	15
28.	उड़ने की आशा	मीना वर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष	15
29.	पुलवामा हमला	शिवानी रावत (स्वरचित)	16
30.	तुम्हें जगाने आया हूँ	निशि शुक्ला बी.ए. द्वितीय वर्ष	16
31.	गुरू से बड़ा न कोई	यशी सोनवानी बी.ए. प्रथम वर्ष	17
32.	सुविचार	अर्पिता श्रीवास्तव बी.ए. प्रथम वर्ष	17
33.	खतरे के आगे डरो मत	अंशिका तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष	18
34.	प्रेरणा गीत	सोनी चौरसिया बी.ए. द्वितीय वर्ष	18
35.	ऐ ज़िंदगी फिर	मीना वर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष	18
36.	गरीबदास के चार बेटे	प्रिया सक्सेना बी.ए. द्वितीय वर्ष	18
37.	कोशिश कर	मानसी बी.ए. प्रथम वर्ष	19
38.	बेटियों के लिए	सोनी चौरसिया बी.ए. द्वितीय वर्ष	19
39.	धरती बचेगी, तब बचेंगे हम	ज्योति रावत बी.ए. द्वितीय वर्ष	19
40.	माँ	सलोनी प्रजापति बी०ए० प्रथम वर्ष	19

41. श्री लाल बहादुर शास्त्री जी	रोशनी बी.ए. प्रथम वर्ष	19–20
42. आत्मविश्वास	आरती प्रजापति बी०ए० प्रथम वर्ष	20
43. लोग क्यों ऐसे होते हैं ?	रंजना रावत बी.ए. प्रथम वर्ष (स्वरचित)	20
44. रिश्ता	शिवानी रावत–श्री राजेन्द्र रावत बी.ए. द्वितीय वर्ष (स्वरचित)	20
45. नारी	शालिनी यादव बी.ए. प्रथम वर्ष	21
46. दुनिया तुम्हारे साथ होगी	समरीन खातून बी. ए. प्रथम वर्ष	21
47. कविता	पायल मिश्रा बी.ए. प्रथम वर्ष	21
48. नारियल और पत्थर	कोमल मौर्या बी.ए. प्रथम वर्ष	21
49. स्वयं की खोज	गुंजन मौर्या बी.ए. तृतीय वर्ष	21
50. हे नारी!	अर्चिता यादव बी.कॉम तृतीय वर्ष (स्वरचित)	22
51. माँ	शशि गौतम बी.एस.सी. तृतीय वर्ष	22
52. मनुष्य को मशीन न बनाएँ	तनु सिंह एम.ए. प्रथम सेमेस्टर समाजशास्त्र	22
53. पुस्तकालय	नैन्सी चौरसिया बी० ए० तृतीय वर्ष	22
54. दुनिया का आरम्भ है नारी__	खुशी शर्मा बी०ए० तृतीय वर्ष (स्वरचित)	23
55. अच्छे संस्कार	उम्मुलवरा बी०ए० प्रथम वर्ष	23
56. कलियों को खिल जाने दो	निधि वर्मा बी.कॉम द्वितीय वर्ष	23
57. एक नई सुबह	अंशिका साहू बी.ए. तृतीय वर्ष	23
58. एकता और अखंडता का पर्व महाकुंभ	नेहा मौर्या पर्यवेक्षक डा० नेहा जैन असि०प्रो० समाजशास्त्र	24
59. जीवनदायिनी नदी	––	24
60. कुंभ पर्व : सांस्कृतिक विरासत	डॉ० प्रज्ञा मिश्रा गणित विभाग	25–26
61. डिजिटल युग में भारतीय राष्ट्रवाद	विमल कुमार मौर्या शोध छात्र इतिहास विभाग	26
62. मानसिक स्वास्थ्यः वर्तमान	अपर्णा तिवारी (शोध छात्रा) विभाग –राजनीति शास्त्र	27–28
63. मानवाधिकार दिवस	श्रेया वर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष	28
64. आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम	डॉ0 निशी मिश्रा असि0प्रो0 अर्थशास्त्र विभाग	29
65. बच्चों के खाद्य उत्पाद	आरती वर्मा, रिसर्च स्कॉलर गृहविज्ञान विभाग	30
66. वादा	तसमान्या बी.कॉम (स्वरचित)	30
67. एक नई सुबह	सुधा चौरसिया एम.0ए0 प्रथम वर्ष समाजशास्त्र विभाग	31
68. मेरा गांव	वैष्णवी दुबे बी.एस–सी द्वितीय वर्ष	31
69. परिश्रम ही तो जीवन है	रिया मिश्रा बी.एस–सी द्वितीय वर्ष	31
70. रंग	Satyam Sangya Research Scholar, Commerce	31
71. लोग हैं!	पूजा शुक्ला एम०ए० प्रथम वर्ष	32
72. जीत पक्की है	मुस्कान एम०ए० प्रथम वर्ष	32
73. भौतिक विज्ञानी प्रकृति	वैशाली गौतम बी.एस–सी तृतीय वर्ष पीसीएम	32
74. रंगोली	नैन्सी गुप्ता बी.ए. तृतीय वर्ष	33
75. विज्ञान से मानव कल्याण	कशफ़ बी.एस–सी तृतीय वर्ष	34
76. भारत के लिए सौर ऊर्जा की उपादेयता	अर्पिता शर्मा बी.एस–सी तृतीय वर्ष	34
77. युवाओं के संदर्भ में स्वामी	डॉ० स्मिता पाण्डेय असिस्टेन्ट प्रोफेसर.....	35–36
78. पढ़े लखनऊ बढ़े लखनऊ	––	36
79. द्वैतवेदान्तः	डॉ0 पूनम पाण्डेय असि0 प्रोफेसर संस्कृत	37–38
80. आयुर्वेदे व्याधिः	अशोका रुइदास (शोध–छात्रा) संस्कृत विभाग	39–40
81. विदुर नीति	––	40
82. श्रीमद्वाल्मीकिरामायणे श्रीरामस्य चरितम्	सावित्री शोधछात्रा	41–42
83. संस्कृत के माध्यम से समय देखना	निशी शुक्ला बी.ए.द्वितीय	43

84.	वासराणां नामानि	——	43
85.	वस्तुनि नामानि	——	43
86.	मासानां नामानि	——	43
87.	संस्कृतिः संस्कृताश्रया	शिवानी रावत बी.ए. द्वितीय वर्ष	44
88.	भारतीया संस्कृतिः	मनीषा अवस्थी स्नातक बी.ए. द्वितीय वर्ष	45—46
89.	मानो हि महतां धनम्	प्रिया सक्सेना बी.ए. द्वितीय वर्ष	47
90.	Scope of.....	Mamta Ambujanani Asst. Prof. ----	48—51
91.	New Generation	Riya Mishra B.Sc II Year	51
92.	A True Human	Shambhavi Tripathi B.A. I Semester	51
93.	ROLE OF PROTEIN.....	Dr. Rashmi Srivastava -----	52
94.	Screen Time.....	Reema Yadav (Research Scholar) —	52—53
95.	India's Employment Growth	Kavya Srivastava Class-B.Sc I st Year (ZBC)	53—54
96.	Elizabeth Edwards	Yogita Tripathi M.A. III Sem	55
97.	The Bond.....	Deepshikha Saini BA-3yera 5sem	56
98.	Importance of Education	Lubna Hashim BA-IIIsem	57—58
99.	Cyber Security in a Digital World	Divyanshi Nigam V semester	58—59
100.	Smile	Komal Jaiswal II year 3rd sem	60
101.	Education is The Key to Success	Ummey Hani MA-II year 3rd sem	60
102.	Nothing is Impossible	——	60
103.	Never Give Up	——	60
104.	Time is Money	——	60
105.	Emerging Tech Trends - "AI"	Vaishnavi Pandey BA-Ist	61
106.	Mahakumbh	Sweta Sharma English Department Research Scholar	62
107.	"From 'Rasa' to 'Rasayana'	Dr. Mishu Singh	63—65
108.	Behavioral	Prince Kumar	65—66
109.	The silent language of the heart	Anshika Shukla B.Sc. Istyear (PCM)	66—67
110.	" The Weight of Expectations"	Fehmina Naz MA-II year	67
111.	Nature	Shreya Shukla MA-English-II sem	67
112.	Terracotta:	Smita Dubey Research Scholar,	68
113.	Millets in Uttar Pradesh	Km Priyanka	69—70
114.	Language of.....	Jyoti Sharma	70—72
115.	English Department	Prof.(Dr.) Reeta AgnihotriSmt. Sadhana Singh Yadav ssitant Professer	73
116.	Formation of English Association	——	74
117.	हिन्दी विभाग परिषद सत्र 2024—25	डॉ0 सुरंगमा यादव विभाग प्रभारी हिन्दी	75
118.	वर्तमान समय में	——	75—76
119.	अपनी भाषा के बिना	प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित	76—77
120.	वाल्मीकि जयंती पर	——	77—78
121.	अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिताएँ	——	78

122. संस्कृत विभाग	डॉ0 पूनम पाण्डेय	79
123. वार्षिक क्रीड़ा समारोह 22 व 23 फरवरी 2024	डॉ0 शीलधर दुबे	80
124. वार्षिक क्रीड़ा समारोह सत्र 2024–25	––	81
125. इतिहास परिषद सत्र 2024–2025	प्रो0 प्रियंका शर्मा प्रो0 प्रीति वाजप्ये	82
126. तंबाकू निषेध कार्यक्रम सत्र 2024–25	––	82
127. गृह विज्ञान विभाग 2024–25	प्रो0 रश्मि श्रीवास्तव प्रो0 किरन सिंह	83
128. अर्थशास्त्र विभाग वार्षिक आख्या 2023–2025	डॉ0 अमितेन्द्र सिंह डॉ0 निशी मिश्र	84
129. राजनीति शास्त्र विभागीय आख्या 2024–25	डॉ0 स्मिता पाण्डेय विभाग प्रभारी राजनीतिशास्त्र विभाग	85
130. समाजशास्त्र विभाग वार्षिक आख्या 2024–25	डॉ0 नेहा जैन डॉ0 तमन्ना	86
131. मनोविज्ञान विभाग सत्र 2024–25	ममता अंबुजाननी विभाग प्रभारी	87
132. वाणिज्य परिषद आख्या वर्ष 2023–25	प्रो0 रमेश चन्द्र वर्मा प्रो0 पवन कुमार मौर्य	88
133. नाटकः छोटे दीन दयाल	––	89
134. राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)	––	89
135. भौतिक विज्ञान	प्रो0 अखिलेश कुमार	90
136. गणित विभाग सत्र 2024–25	डॉ0 प्रज्ञा मिश्रा	90
137. विज्ञान क्लब की रिपोर्ट	––	91
138. रसायन विज्ञान विभाग आख्या सत्र 2024–25	डॉ0 रमेश बाबू ,डॉ0 मीशू सिंह	91
139. जन्तु विज्ञान विभाग आख्या सत्र 2024–2025	किरण लता वर्मा विभाग प्रभारी	92
140. वनस्पति विज्ञान विभागीय	डॉ0 ऋचा पाण्डेय विभाग प्रभारी	92–93
141. मिशन शक्ति – 5.0	––	94
142. मिशन शक्ति – 5.0	––	95
143. रोड सेफ्टी क्लब सत्र 2024–2025	––	96–97
144. राष्ट्रीय सेवा योजना प्रगति आख्या (2024–25)	डॉ0 किरनलता वर्मा डॉ0 प्रज्ञा मिश्रा	97–98
145. रेंजर्स प्रशिक्षण सत्र 2023–24	––	99
146. रेंजर्स प्रशिक्षण इकाई वर्ष 2024–25	––	99–100
147. कैरियर परामर्श एवं निर्देशन समिति रिपोर्ट 2024–25	––	101
148. दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2023–2024	डॉ0 किरन सिंह	102
149. काव्य में नारी संवेदना	––	103
150. पंजाबी साहित्य में अवधि एवं ब्रज भाषा का प्रभाव	––	104
151. महाविद्यालय के प्राध्यापकों की प्रकाशित पुस्तकें	––	105
152. WALKATHON ON VOTERS DAY	––	106
153. हमारे महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य	––	107
154. फार्म 4 नियम 6	––	108

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सत्र 2024 – 25

वार्षिक – आख्या

पं० दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम लखनऊ की **स्थापना वर्ष 1997 में हुई थी।** महाविद्यालय की स्थापना समीपवर्ती एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों की उच्च शिक्षा सुलभ कराने के उद्देश्य से की गयी थी। आख्यागत वर्ष में छात्राओं की कुल संख्या 1393 है।

वर्तमान में महाविद्यालय में कला संकाय में स्नातक स्तर पर 11 विषय यथा हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, मानव विज्ञान, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान एवं शारीरिक शिक्षा, तथा स्नातकोत्तर स्तर पर समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृहविज्ञान, एवं रसायन विज्ञान विषय में अध्ययन की सुविधा संचालित है। स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में कुल पांच विषय यथा वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान एवं गणित और वाणिज्य संकाय में स्नातक वाणिज्य का शिक्षण कार्य हो रहा है ।

सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा में स्नातक स्तर पर कला संकाय की ऐश्वर्या सिंह ने 79.10 प्रतिशत, संकाय में संध्या गुप्ता 74.7 प्रतिशत एवं वाणिज्य संकाय में श्रुति दीक्षित ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन एवं प्रतिभा का परिचय दिया है। महाविद्यालय के तीनों संकायों में बी.ए. की छात्रा ऐश्वर्या सिंह ने 79.1 प्रतिशत सर्वाधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान विषय में अंशिका सक्सेना ने 71.4 प्रतिशत अंक, समाजशास्त्र विषय में संध्या गुप्ता 74.3 प्रतिशत अंक, इतिहास में तबस्सुम खातून ने 69.1 प्रतिशत अंक, अर्थशास्त्र विषय में निशी यादव ने 71.8 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय मे ज्योति नेगी ने 74.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, रसायन विज्ञान विभाग की आरती रस्तोगी ने 60.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किये और महाविद्यालय का नाम रौशन किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देता है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

महाविद्यालय राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान **(RUSA)** कार्यक्रम के अधीन है। महाविद्यालय में रसायन विज्ञान प्रयोगशाला एवं टायलेट **ब्लाक हेतु रू० दो करोड़ की धनराशि से यह निर्माण पूर्ण हो चुका है। इस सत्र में 05 प्राध्यापकों को प्रोफेसर पदनाम एवं 06 प्राध्यापकों को एसो0 प्रोफेसर पदनाम एवं वरिष्ठ वेतनमान प्राप्त हुआ है। कई प्राध्यापकों ने समय–समय पर यू०जी०सी० द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यशालाओं एवं शॉट–टर्म कोर्स में प्रतिभागिता करते हुए अपना शैक्षणिक उन्नयन किया है।** अनेक प्राध्यापकों ने शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में आमंत्रित वक्ता के रूप में सहभाग किया एवं विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में उनके शोधपत्र भी प्रकाशित भी हुए। कई प्राध्यापकों की स्वयं की पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं।

छात्राओं को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु महाविद्यालय में पुस्तकालय एवं वाचनालय की व्यवस्था है। **पुस्तकालय में पुस्तकों की कुल संख्या 15100 है।** वाचनालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी में पत्रिकाएँ एवं पुस्तकें उपलब्ध हैं तथा सभी विभागों द्वारा भी छात्राओं को आवश्यकतानुसार NET एवं JRF की तैयारी हेतु पुस्तकें दी जाती हैं।

आख्यागत वर्ष में महाविद्यालय के क्रीड़ा संबंधी नियमित क्रियाकलापों के अतिरिक्त वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सत्र 2024–25 के वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन दिनांक 14 से 16 दिसम्बर 2024 में किया गया। **इस वर्ष क्रीड़ा चैम्पियन बी०ए० द्वितीय वर्ष की छात्रा किरन सिंह रहीं।** आख्यागत वर्ष में महाविद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि एन०सी०सी० की एक इकाई की स्थापना की स्वीकृति प्राप्त होना है। जिसमें महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ० नेहा जैन को एन०सी०सी० आफिसर नामित किया गया है। 55 छात्राओं को एन०सी०सी०, में प्रवेश दिया गया। आख्यागत वर्ष में महाविद्यालय का सौभाग्य रहा है कि यहाँ की कुछ छात्राओं नें नेट/जे०आर०एफ० परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। अंग्रेजी विषय की छात्रा कोमल कुमारी एवं गृह विज्ञान विषय की छात्रा मालती मौर्या ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।

सत्र में अधूरी सड़क का निर्माण हुआ, जिससे पूरा महाविद्यालय सड़कबद्ध हो गया। क्षतिग्रस्त चाहरदिवारी का निर्माण भी इसी सत्र में हुआ है। दो स्मार्ट कक्षों का निर्माण हुआ। महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति को संगीत के विभिन्न वाद्य यन्त्रों एवं विद्युत ध्वनि उपकरणों से समृद्ध किया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयां सद्भावना एवं प्रेरणा संचालित हैं। इस योजना से संबंधित विभिन्न क्रिया–कलापों का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरणलता वर्मा एवं डॉ० प्रज्ञा मिश्रा द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्त्वावधान में चार एक दिवसीय कैम्प तथा एक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 04.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 तक किया गया। शिविर स्थल सरीपुरा कुँवर ज्योति प्रसाद वार्ड में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली तथा मतदाता पहचान पत्र से सम्बन्धित फार्म–06 को बाँटा एवं भरवाया गया।

महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ० स्मिता पाण्डेय के नेतृत्व में 24 छात्राओं की एक इकाई का गठन हुआ, जिनका पाँच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 21.10.2024 से दिनांक 25.10.2024 तक कराया गया। छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी पाठ्येत्तर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय स्तर पर निबन्ध लेखन, गायन, नृत्य, काव्यपाठ, रंगोली, पोस्टर, कहानी–लेखन, भाषण, वाद–विवाद तथा गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा सभी विभागों द्वारा विभागीय प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास का अवसर महाविद्यालय स्तर पर ही नहीं अपितु अन्तरमहाविद्यालयी स्तर पर भी किया जाता है।

महाविद्यालय की छात्राओं ने गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज में आयोजित सांस्कृतिक उत्सव **अभिमुख** में वाद–विवाद प्रतियोगिता में मनीषा अवस्थी एवं शिवानी रावत ने प्रथम स्थान एवं रेट्रो डांस प्रतियोगिता में तूबा एवं उनके ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्त्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में महाविद्यालय की छात्रा शाम्भवी त्रिपाठी ने प्रथम, श्वेता गुप्ता ने द्वितीय एवं मनीषा त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 2024 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में योगिता त्रिपाठी ने प्रथम स्थान एवं मनीषा अवस्थी ने तृतीय स्थान, पोस्टर प्रतियोगिता में वैष्णवी दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आख्यागत वर्ष में महाविद्यालय के अधिकांश प्राध्यापकों (कला एवं वाणिज्य) को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा शोध पर्यवेक्षक नामित किया गया तथा 50 शोध छात्रों को यह महाविद्यालय शोध केन्द्र के रूप में आवंटित किया गया जिनमें अधिकांश शोधार्थी नेट/जे०आर०एफ० परीक्षा उत्तीर्ण हैं।

नैक मूल्यांकन की वर्तमान प्रक्रिया के अन्तर्गत विगत 05 वर्षो में ए०क्यू0ए0आर0 रिपोर्ट लॉगइन पर अपलोड की जा चुकी है। महाविद्यालय में भातखण्डे विश्वविद्यालय, लखनऊ के सौजन्य से सांस्कृतिक विभाग उ0प्र0 के सहयोग से 'कल्चरल क्लब' का गठन किया गया। मेजर ध्यानचन्द्र खेल प्रोत्साहन के अन्तर्गत महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग में ट्रेड मील एवं अन्य उपकरणों की स्थापना की गयी।

महाविद्यालय में उ0 प्र0 राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज का अध्ययन केन्द्र स्थापित है। डॉ० अमितेन्द्र सिंह, असि० प्रो०–अर्थशास्त्र की देखरेख में इस अध्ययन केन्द्र में स्नातक स्तर पर बी०ए०, बी०काम०, बी0एस–सी० स्नातकोत्तर स्तर पर सभी विषयों में पाठयक्रम संचालित हैं। इसके अतिरिक्त पी०जी० डिप्लोमा इन फाइनेंशियल मैनेजमेंट, हेल्थ एजूकेशन एण्ड न्यूट्रीशन डिप्लोमा इन रूरल मैनेजमेंट एवं फैशन डिजाइनिंग आदि के अध्ययन की सुविधा भी उपलब्ध है।

ऐश्वर्या सिंह–बी.ए.
79.1 प्रतिशत
महाविद्यालय के तीनों संकायों में सर्वाधिक अंक

कोमल कुमारी–एम.ए.(अंग्रेजी)
नेट परीक्षा 2024 उत्तीर्ण

मालती मौर्या–एम.ए.(गृहविज्ञान)
नेट परीक्षा 2024 उत्तीर्ण

महाविद्यालय गौरव गीत

डॉ0 रमेश चन्द्र वर्मा
प्राचार्य / प्रोफेसर वाणिज्य

ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।
कला–विज्ञान का वाणिज्य के ज्ञान का, उत्कृष्ट शिक्षालय है।
ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।

अटल के सत्कर्मों का फल है ये आँगन,
दीनदयाल जी की स्मृति का है प्रांगण,
उनके ही मार्ग चल रहे हैं।
ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।

ज्ञान से स्नान सभी शिक्षक कराते हैं,
निष्णात भी यहाँ शिक्षक बनाते हैं,
शोध से विकास कर रहे हैं।
ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।

क्रीड़ा, एन0सी0सी0 से स्वस्थ हैं बनाते,
रेंजर्स, एन0एस0एस0 हैं सेवक बनाते,
व्यक्तित्त्व में निखार ला रहे हैं।
ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।

नाटक या नृत्य हो, संगीत हो या गायन,
'दीनदयाल कल्चरल क्लब' के आयोजन,
सांस्कृतिक उत्थान कर रहे हैं।
ये लखनऊ का दीन दयाल उपाध्याय, राजकीय महाविद्यालय है।

महाविद्यालय के प्रति

डॉ0 सुरंगमा यादव
प्रो0 हिन्दी

लखनऊ की संस्कृति–सा अनुपम, शिक्षा का ये पावन धाम,
गौरवशाली इसे बनाता, पण्डित दीन दयाल का नाम।

लक्ष्मणपुर की धरा पुनीता, गोद गोमती की पायी,
ज्ञान–कर्म का रूप समन्वित, नित नूतन शुभता पायी।
इसकी रज माथे पर धर कर, शतशः हम सब करें प्रणाम,
गौरवशाली इसे बनाता, पण्डित दीन दयाल का नाम।

रम्य मनोहर सुन्दर परिसर, प्रखर ज्ञान का ज्यों दिनकर,
ज्येष्ठ–श्रेष्ठ अपनी संस्कृति का, सतत् प्रचारक ये शुभकर।
रचे युवा मन कीर्तिमान नव, 'अटल' प्रेरणा से अविराम,
गौरवशाली इसे बनाता, पण्डितदीन दयाल का नाम।

कला–ज्ञान–विज्ञान की धारा, चित्त निमज्जित नित हमारा,
गुने मंत्र–सिद्धांत यहाँ पर, मातृशक्ति का मन प्यारा।
नव विचार–नव दृष्टि प्रदाता, विज्ञ समागम ललित–ललाम,
गौरवशाली इसे बनाता, पण्डित दीन दयाल का नाम।

ज़िन्दगी

श्रेया वर्मा
बी0ए0 तृतीय वर्ष

जीवन बवंडर से बचकर नहीं, बल्कि उसमें नाव चलाकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है।
समय अपने आप में कुछ नहीं होता, समय को खुशहाल बनाने के लिए हमें कुछ करना होता है।
अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो ।
अवसर की प्रतीक्षा मे मत बैठो। आज का अवसर ही सर्वोत्तम है।

पिता

सरिता रावत
बी.ए. तृतीय वर्ष

सख्त पिंजरे में मोम का दिल रखना,
आसान नहीं होता।
डाँटकर हर ख्वाहिश को पूरा करना,
आसान नहीं होता।
सारे जहाँ की खुशियाँ, देना चाहते हैं वो हमें,
पिता बनना इतना
आसान नहीं होता।

वार्षिकोत्सव एवं मेधा सम्मान समारोह
दिनांक – 21.03.2024

मेधा सम्मान समारोह 2023–2024
दिनांक – 21.03.2024

वार्षिकोत्सव की झलकियाँ

गृहिणी की गृह सेवा का महत्त्व

शिवानी रावत

बी.ए. द्वितीय वर्ष

गृहिणी अर्थात् अपने गृह की सेवा करने वाली वह स्त्री जिसे भारत में **गृह लक्ष्मी भी** बोला जाता है। प्राचीन काल से ही समाज की मान्यतानुसार एक घर एवं घर में रहने वाले अपनों की **सेवा का दायित्व** एक स्त्री को प्राप्त है। सभी आदर्श गृहणियाँ प्राचीन समय से ही अपना यह दायित्व कुशलतापूर्वक निभाती आ रही हैं, और घर में रहने वाले अपनों के हृदय में **सर्वोच्च स्थान** भी प्राप्त करती आयी हैं।

गृह सेवा की गहराई– इस प्रकार गृहणी की गृह सेवा एक प्रकार का **परम पुण्य** है और **सर्वोत्तम कर्म** है, किन्तु आज वर्तमान समय में गृहिणी गृह कार्य को गहराई से नहीं लेतीं, वे इसे तुच्छ समझती हैं, और क्रोध भाव से गृह सेवा करती हैं जिस कारण से गृह में रह रहे अपनों से उनका काफी झगड़ा भी हो जाता है और घर में क्लेश भी उत्पन्न होता है, यदि स्त्री गृह सेवा के सच्चे महत्व को समझकर **प्रेमपूर्वक गृह** एवं गृहवासियों की **सेवा** करती है, तो समाज की सर्वोच्चता और प्रभु द्वारा उसे पुण्य की प्राप्ति होती है साथ–साथ घरवालों के मुख पर एक अलग–सी आभा आती है और घर का वातावरण शान्त एवं सुखमय रहता है जो श्रेष्ठ मन्दिर की श्रेणी में गिना जाने लगता है और सामाजिक प्रशंसा का पात्र बनता है।

गृहिणी सुनो !

तुम्हारी सेवा तुच्छ नहीं बात ये जान लो
गृह सेवा ही **सर्वोत्तम कर्म** है आज ही ये मान लो
प्रेम पूर्वक जो तुम अपने गृह और अपनों की सेवा करोगी
तो **समाज में प्रशंसा** का पात्र बनोगी
दूर रहेगा क्लेश गृह से तुम्हारे
अपनों के **हृदय में सर्वोच्चता** की अधिकारी बनोगी।
जीवन सफल होगा तुम्हारा, पुण्य प्राप्त कर
प्रभु की भी प्यारी बनोगी।।

आत्मनिर्भर गृहिणियों की गृह सेवा– हर स्त्री के लिए आवश्यक है कि वो आत्मनिर्भर बने ताकि वह अपनी आवश्यकता स्वयं पूरी कर सके और समाज की उन्नति में अपना सहयोग प्रदान कर सके। आत्मनिर्भर स्त्री समाज में अपनी अलग पहचान बनाती है। वह **स्वाधीन** रहती है। अपनी सहायता स्वतः करने की क्षमता रखती है। एक **आत्मनिर्भर** स्त्री समाज में अपनी लड़ाई स्वयं लड़ सकती है, उसे किसी पुरूष की सहायता लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती है किन्तु लगभग 90% स्त्रियां आत्मनिर्भर बनने के पश्चात गृह सेवा को महत्व नहीं दे पाती क्योकि समय के अभाव के कारण वो अपनों और अपने गृह की ओर कम ध्यान दे पाती है। परन्तु अगर हम चाहे तो हमारे कुछ क्षण ही हमारी गृह–सेवा में चार चाँद लगा सकते हैं, और बाकी के कार्य **सुन्दरता** एवं **स्वच्छता** से अपने कर्मचारियों और नौकरो से करा सकते हैं।

यह सच है कि इक स्त्री के लिए
आत्मनिर्भरता बेहद जरूरी है,
परन्तु गृह सेवा के बिना

तुम्हारी आत्मनिर्भरता ज़रा **अधूँरी** है
माना कि **समय का अभाव** है
तुम्हारे **कार्य** का तुम पर **दबाव** है
पर तुम्हारे द्वारा समर्पित तुम्हारे गृह को
'कुछ क्षण'
जो गृह सेवा की श्रेणी में आते हैं,
बाकी का कार्य तो कर्मचारियों के
हाथों हो ही जाते हैं,
पर **अपने हिस्से**, अपनों के प्रति
जिम्मेदारी निभाना,
स्त्री के **सर्वोच्च गुण** माने जाते हैं।।"

इस प्रकार इन शब्दों से यह स्पष्ट है कि इक गृहिणी का अपने गृह के प्रति जो कर्तव्य है, वह सामान्य नहीं है, न ही तुच्छ है, बल्कि सर्वोत्तम और श्रेष्ठ है। समाज भले ही उसकी निन्दा करता हो, घर के कार्यों को तुच्छ समझता हो किन्तु इस गृहिणी को कभी भी गृह कार्यों को लेकर मन में न्यून भाव नहीं लाने चाहिए, बल्कि गृह की **गहराई** को समझकर उसे वैसे ही निष्ठा पूर्वक सम्पन्न करना चाहिए जैसे मानो उसकी सफलता से जुड़ा कोई आनन्दमय कार्य हो । इस प्रकार के भाव से किया गया कार्य भारत की घरेलू समस्या को 90% जड़ से समाप्त करने की ताकत रखता है।

समाज क्या है? मत सुनो–
समाज को कहने दो,
तुम समझो **गृह सेवा की गहराई**
और स्वयं को सेवा में समर्पित रहने दो
तुम्हारा **कर्म श्रेष्ठ** है, तुम्हारा **भाव श्रेष्ठ** है
हृदय से तुम जानो तो सही
गृह सेवा हर सेवा से **ज्येष्ठ** है।।

साइबर अपराध

मनीषा अवस्थी
बी.ए. द्वितीय वर्ष

हर कोई सोचता है कि किसी का निजी डेटा चुराना ही साइबर अपराध है। लेकिन पारिभाषित शब्दों मे हम कह सकते हैं कि **'साइबर अपराध'** किसी इलेक्ट्रानिक डिवाइस (कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि) का उपयोग किसी के डेटा को चुराने या कम्प्यूटर का उपयोग करके उन्हें नुकसान पहुँचाने की कोशिश करने को सन्दर्भित करता है।

इसके अलावा, यह एक अवैध गतिविधि है जिसमें चोरी से लेकर आपके सिस्टम या आईपी पते का उपयोग अपराध करने के लिए एक उपकरण के रूप में करने तक की कई समस्याएँ शामिल हैं।

साइबर अपराध के प्रकार– मोटे तौर पर हम कह सकते हैं कि साइबर अपराध को चार प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। ये हैं– **वित्तीय, गोपनीयता, हैकिंग** और **साइबर आतंकवाद।**

वित्तीय अपराध में वे उपयोगकर्ता या खाताधारकों के पैसे चुराते हैं। इसी तरह वे कम्पनियों का डेटा चुराते हैं, जो वित्तीय अपराधों को जन्म दे सकता है। साथ ही उनके कारण लेन–देन में भारी जोखिम होता है। हर साल हैकर्स व्यापारियों और सरकारों के लाखों–करोड़ों रूपये चुरा लेते हैं।

गोपनीयता अपराध में आपका निजी डेटा चुराना शामिल है जिसे आप दुनिया के साथ साझा नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा ये दुनिया के लोगों को बहुत नुकसान पहुँचाते हैं और कुछ लोग अपने डेटा के दुरूपयोग के कारण आत्महत्या भी कर लेते हैं।

हैकिंग में वे जानबूझकर किसी वेबसाइट को नुकसान पहुँचाने या उसके मालिक को नुकसान पहुँचाने के लिए उसे खराब करते हैं। इसके अलावा, वे मौजूदा वेबसाइट को नष्ट कर देते हैं या उसमें बदलाव करके उसकी कीमत कम कर देते हैं।

आधुनिक समय में आतंकवाद 10–20 साल पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ गया है। लेकिन **साइबर आतंकवाद** सिर्फ आतंकवादियों या आतंकवादी संगठनों से सम्बन्धित नहीं है। बल्कि किसी व्यक्ति या सम्पत्ति को खतरे में डालना भी साइबर अपराध है।

भारत में साइबर अपराध– वेब दुनिया या साइबरस्पेस लाखों और अरबों उपयोगकर्ताओं और वेबसाइटों का एक विशाल समुदाय है। इसके अलावा, लोग खरीदारी, फिल्में, संगीत, वीडियो गेम, लेन–देन और ई–कॉमर्स आदि जैसे विभिन्न उपयोगों के लिए इसका उपयोग करते हैं।

प्रौद्योगिकी के इस युग में और इंटरनेट तक आसान पहुँच के कारण कोई भी व्यक्ति आसानी से इस तक पहुँच सकता है। इसके अलावा इंटरनेट ने सूचनाओं की ऐसी दुनिया खोल दी है जिससे कोई भी जुड़ सकता है।

समय की कीमत

खुशी कुमारी

बी.ए. प्रथम वर्ष

एक गाँव में एक बूढ़ा आदमी रहता था, वो बूढ़ा आदमी अपने बेटे से परेशान रहता था। उसका बेटा बहुत नालायक था, वो कोई काम नहीं करता था, बस गाँव में इधर से उधर घूमा करता था। एक दिन उस बूढ़े आदमी ने उसे सबक सिखाने के लिए उसे अपने पास बुलाया, उन्होंने कहा– "घर के अन्दर अलमारी में एक घड़ी रखी है।" लड़का अन्दर गया और घड़ी लेकर आया, तो उन्होंने कहा कि "यह घड़ी अपने साथ बाजार लेकर जाओ और सबसे इस घड़ी की कीमत पूछकर आना।" लड़का वो घड़ी लेकर बाजार चला गया। उसने उस घड़ी की कीमत सबसे पूछी। किसी ने उस घड़ी की कीमत 500 बताई, किसी ने 700 बतायी तो किसी ने 900 बतायी, सभी लोगों ने उस घड़ी की कीमत अलग–अलग बताई। उन्होंने कहा– ठीक है, इस घड़ी को वापस अलमारी में रख आओ।"

अगले दिन उस बूढ़े आदमी ने फिर अपने लड़के को बुलाया और बोला– वह घड़ी फिर से निकालकर लाओ। वो लड़का फिर बाजार जाने के लिए तैयार होता है, तो वह आदमी कहता है कि, पहले मेरी बात सुनो! तुम इस घड़ी के अन्दर जो समय चल रहा है उसकी कीमत पूछकर आओ। लड़के को समझ नहीं आ रहा था कि पिता जी उससे क्या कराना चाहते हैं, वह दुःखी मन से फिर बाजार चला गया।

सभी लोगों से उस घड़ी के अंदर की कीमत पूछने लगा। सभी लोगों ने आपस में विचार किया और कहने लगे, लगता है इस बच्चे की मानसिक स्थिति खराब है, कल ये घड़ी की कीमत पूछने आया था, आज ये घड़ी के समय की कीमत पूछने आया है।

सभी लोगों ने उसे भगा दिया और कुछ लोग उस पर हँसने लगे। फिर वो लड़का परेशान हो जाता है, उसे एक बूढ़ा आदमी दिखता है वह उससे पूछने लगता है, तो उस बूढ़े आदमी ने कहा "देखो बेटा! ये जो समय है ना, इसकी कोई कीमत नहीं लगा सकता है, जो अमीर होता है वो समय का सदुपयोग करता और जो गरीब होता वो भी समय का सदुपयोग करता है। ये तुम्हारे ऊपर है कि समय का कैसे इस्तेमाल करना है, इन्सान का एक–एक पल बहुत कीमती होता है। अपने समय को व्यर्थ न करके इसे अपने काम करने में लगाओ। ऐसा सुनकर उस लड़के की आँखें खुल गईं और वो अपने पिता के पास वापस गया तथा सारी बात बतायी। उस दिन के बाद से उस लड़के की जिंदगी बदल गई वह अपना समय अच्छे कामों में लगाने लगा और अच्छा इन्सान बन गया।

शिक्षक दिवस

शिवानी मौर्या
बी.ए. प्रथम वर्ष

आप देते हो हमको शिक्षा
फिर लेते हो हमारी परीक्षा।
गलती करें तो हमें समझाते,
हम रोयें तो हमें हँसाते।
माता ने दिया है जीवनदान,
आप बनाते हो इसे महान।
ज्ञान का दीप आप जलाकर,
हमारी चमक बढ़ाते हो।
विद्या का जल हमें पिलाकर
जीने का ढ़ंग सिखाते हो।
इसलिए मैं कहती हूँ,
जीवन में कुछ पाना है तो
शिक्षक का सम्मान करो।
शीश झुकाकर आदर से तुम
बच्चों उन्हें प्रणाम करों।

बेटियाँ

सोनाली रावत
बी.ए. प्रथम वर्ष

बेटियाँ पराया धन नहीं हैं,
बेटियाँ तो घर को रोशन करती हैं
ये वो नहीं जिनको मारा जाये
ये वो हैं जिनसे घर भी स्वर्ग बन जाता है
ये बेटियाँ सबकी लाडली हैं,
फिर भी क्यों इन्हें मारा जाता है?
क्यों इन्हें रूलाकर चुप बैठाया जाता है?
इन्हें तो आगे बढ़ाना चाहिए
बेटियाँ तो अध्यापिका की तरह होती हैं,
सबको कुछ न कुछ सीख देकर जाती हैं
जब ये परायी होती हैं, इन्हीं की तो याद आती है,
ये पत्नी और माँ का फर्ज निभाती हैं
इसलिए तो कहते हैं ये बेटियाँ तो बाबुल की
परियाँ हैं, हर घर की ये कहानियाँ हैं।

लघु कथा

बेवकूफ़ राजा

सुनेहा
बी.ए. प्रथम वर्ष

एक बेवकूफ़ राजा के राज्य में चोरी की वारदात बहुत बढ़ गयी थी। अवाम ने गुहार लगायी महामहिम त्राहिमाम–त्राहिमाम। राजा की नींद में इससे खलल पड़ी। वो अपने नित्य शिकार क्रिया तथा भ्रमण में किसी तरह का खलल बर्दाश्त नहीं करता था। उसने आदेश जारी कर दिया कि राज्य के सभी लोगों को सौ–सौ डंडे लगाये जाएँ। लोगों ने पूछा माई–बाप ऐसा क्यों? राजा ने कहा चोर तुम्हारे बीच में से ही है, तो दण्ड उसे भी अपने आप पड़ जायेंगे।

तुम्हें थोड़ा दर्द तो होगा मगर राज्यहित में थोड़ा सहयोग तो करो।

क्या आप जानते हैं

महवीश
बी.ए. प्रथम वर्ष

प्र0 1–पृथ्वी पर सबसे पहले कौन सी सब्जी उगाई गई थी?

उ0 – मटर।

प्र0 2–नीला सेब कहाँ पाया जाता है?

उ0 – चीन।

प्र0 3–भारत के किस राज्य में केवल दो जिले है?

उ0 – गोवा।

प्र0 4–दुनिया का सबसे बड़ा फल कौन सा है?

उ0 – कटहल।

प्र0 5–किस जीव का दिमाग उसके शरीर से बड़ा होता है?

उ0 – चींटी।

प्र0 6–कर्क रेखा भारत के कितने राज्यो से गुजरती है?

उ0 – 8 राज्यों से।

प्र0 7–सबसे बड़ा अण्डा किस पक्षी का होता है?

उ0 – शुतुरमुर्ग का।

प्र0 8–किस जानवर के दूध में सबसे ज्यादा प्रोटीन होता है?

उ0 – बकरी।

प्र0 9–किस देश के लोग भारत नहीं घूम सकते?

उ0 – उत्तर कोरिया।

प्र0 10–कौन सा फूल 36 साल में एक बार खिलता है?

उ0 – नाग पुष्प।

प्र0 11–भारत का राष्ट्रीय पेड़ कौन–सा है?

उ0 – बरगद।

प्र0 12–वीवो किस देश की कम्पनी है?

उ0 – चीन।

प्र0 13– बासी चावल खाने से कौन सी बीमारी ठीक होती है?

उ0 – कब्ज।

प्र0 14–भारत का सबसे बड़ा चिड़िया घर कहाँ स्थित है?

उ0 – चेन्नई के कांचीपुरम में स्थित अरीनगर अन्ना जूलॉजिकल पार्क।

प्र0 15–किस देश में सूर्य हरा दिखाई देता है?

उ0 – नार्वे में।

महिला सशक्तिकरण

वंशिका यादव
बी.ए. प्रथम वर्ष

औरत मोहताज नहीं किसी गुलाब की
वो खुद बागवान है इस कायनात की।

प्राचीन काल से महिलाओं पर अन्याय और अत्याचार होते आ रहे हैं। जो सभी महिलाएँ तबसे लेकर आज तक सिर्फ सहती आ रही हैं। क्योंकि पुराने जमाने में सभी क्षेत्रों में सिर्फ पुरूषों का ही वर्चस्व था। इसलिए किसी भी क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के सभी अधिकार भी पुरूषों के हाथों में ही थे, इसलिए एक घर में महिलाओं से जुड़े सभी निर्णय भी पुरूष ही लेते थे।

महिलाओं को आज के आधुनिक युग में भी पुरूषों के जैसा मान–सम्मान नहीं मिलता है, क्योंकि जब किसी महिला का विवाह होता है, तो पुरूष उस महिला को अपनी सम्पत्ति मानता है। उसी तरह कुछ क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं को पुरूषों के मुकाबले बहुत कम वेतन दिया जाता है। जिसका एक ही कारण होता है कि वो एक स्त्री है, जो बहुत ही अपमानजनक बात है।

महिला सशक्तिकरण में क्रान्ति– सभी महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है, जिसमें वो अपने निर्णय खुद ले सकती हैं। जिसके लिए उनको किसी भी पुरूष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

प्राचीन समय में महिलाओं पर बहुत ज्यादा अत्याचार होते थे, लेकिन जैसे–जैसे समय बदलता गया, वैसे–वैसे महिलाओं की सोच में बदलाव होता गया। जिस कारण उनको अपने ऊपर हो रहे अन्याय का एससास होने लगा। जिसकी वजह से उनके मन में इस अन्याय से छुटकारा पाने की सोच जाग गई।

अधिकारों के बारे में जागरूकता– महिला सशक्तिकरण की वजह से समाज में रहने वाले पुरूषों के अन्याय से पीड़ित सभी महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता हो गई, जिस कारण इस समाज में उनकी जगह भी पुरूषों के समान कैसे की जाए इस पर सभी महिलाएं ध्यान देने लगी थीं। जिससे उन्होंने वो सभी अधिकार प्राप्त किए, जो पहले के समय में सिर्फ पुरूषों के हाथों में ही थे।

भारत में महिला सशक्तिकरण– दुनिया के सभी विकसित देशों में रहने वाली महिलाएँ बहुत आगे निकल चुकी हैं। अब वो हर उस मंजिल तक पहुँच गई हैं, जहाँ पहले सिर्फ पुरूष ही हुआ करते थे, लेकिन कुछ विकासशील देशों में आज भी महिला सशक्तिकरण की जरूरत है। जिसमें अपना भारत देश भी है, जहाँ आज भी महिलाओं को पूर्ण रूपेण सुरक्षा नहीं मिलती है और न ही पूर्ण रूप से सभी अधिकार।

महिला सशक्तिकरण आज के समय की जरूरत है। महिलाओं की स्थिति में हो रही प्रगति देश के विकास के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है। इसलिए देश के सभी छोटे–बड़े क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण की जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। सभी महिलाओं को समाज से डरकर नहीं बल्कि झाँसी की रानी की तरह एक योद्धा बनकर आगे आना चाहिए। क्योंकि झाँसी की रानी वो योद्धा थी, जिन्होंने एक स्त्री होकर भी अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ आवाज उठायी थी। इन्होंने पूरे देश को उस स्वतन्त्रता संग्राम में एक किया था।

हिन्दी दिवस

उषा देवी
बी.ए. प्रथम वर्ष

अंग्रेजी में नंबर थोड़े कम आते हैं,
अंग्रेजी बोलने से भी घबराते हैं,
पर स्टाइल के लिए पूरी जान लगाते हैं
क्योंकि हम हिन्दी बोलने से शर्माते हैं

एक वक्त था जब हमारे यहाँ
हिन्दी का बोलबाला था।
माँ कि आवाज में भी सुबह का उजाला था।
उस माँ को अब हम MOM बुलाते हैं
क्योंकि हम हिन्दी बोलने से शर्माते हैं

देश आगे बढ़ गया है, पर हिन्दी पीछे रह गयी
इस भाषा से अब हम नजर चुराते हैं।
क्योंकि हम हिन्दी बोलने से शर्माते हैं

माना कि अंग्रेजी पूरी दुनिया को चलाती है
पर हिन्दी भी हमारी पहचान दुनिया में कराती है।
क्यों न अपनी मातृभाषा को फिर से सर आँखों पर बिठाएँ।
आओ सब मिलकर हिन्दी दिवस मनाएँ।

सुविचार

प्रियंका
बी.ए. प्रथम वर्ष

जब सपने हमारे हैं
फिर तो कोशिशें भी हमारी होनी चाहिए,
इसमें दूसरों को क्यों दोषी ठहराना।
शिक्षा वह दरवाजा है
जिसे खोलकर आप तरक्की के
सारे रास्ते खोल सकते हैं।
चारों ओर अच्छा देखने के लिए
सोच का अच्छा होना जरूरी है
शांति की खोज में पर्वत–पहाड़ की
खाक क्यों छानते हो
सच्ची शांति को खोजना है
तो स्वयं के भीतर झाँको।
खो देता है जो वक्त को
वह जिंदगी भर पछताता है
क्योंकि गुजरा हुआ वक़्त
कभी लौटकर नहीं आता है।
गुस्सा ही एक ऐसा हथियार है
जो आपका होते हुए भी
आप पर वार करता है।

प्रेरक कहानी

स्वाति गौतम
बी.ए. प्रथम वर्ष

एक बार की बात है, एक छोटा–सा बीज जमीन में गढ़ा हुआ था। उसे लगता था कि वो बहुत छोटा है और कुछ भी नहीं कर सकता। उसने जमीन से बाहर निकलने की कोशिश की लेकिन जमीन बहुत सख्त थी। "मैं इतना छोटा हूँ, मै कभी बड़ा पेड़ नहीं बन सकता," उसने सोचा। तभी एक बूँद पानी गिरा। बीज ने पानी से पूछा, "क्या मैं कभी बड़ा पेड़ बन पाऊँगा? पानी ने मुस्कराकर कहा "हाँ बिलकुल। तुन्हें बस धैर्य रखना होगा और बढ़ते रहना होगा। सूरज की रोशनी और बारिश तुम्हारी मदद करेंगे।" बीज ने पानी की बातों को याद रखा और मेहनत से बढ़ता रहा। कुछ समय बाद, वो एक छोटा–सा पौधा बन गया। फिर धीरे–धीरे वो एक बड़ा पेड़ बन गया।

हर छोटी–सी शुरूआत एक बड़ी सफलता की ओर ले जाती है। बस धैर्य रखें और मेहनत करते रहें।

सामान्य ज्ञान

शालिनी गौतम
बी.ए. द्वितीय वर्ष

(1) रोमन देवता जेनस के नाम पर वर्ष के पहले महीने **जनवरी** का नाम रखा गया।
(2) एक वैज्ञानिक ने मृत्यु से तुरंत पहले व बाद में मानव शरीर को तौलकर पता लगाया कि आत्मा का वजन **21 ग्राम** होता है।
(3) मांसाहारी जीवों में अन्य जीवों की तुलना में शेर का दिल आकार में सबसे **छोटा** होता है।
(4) ब्लू व्हेल का दिल एक मिनट में सिर्फ **एक बार धड़कता** है।
(5) ऊँट को कभी पसीना नही आता और वो एक बार में **100 से 150** लीटर पानी पी लेता है।
(6) हम प्रत्येक 6 सेकेंड में अपनी आँखे झपकाते हैं। यानी पूरे जीवन में हमारे आँखे करीब **25 करोड़ बार** झपकती हैं।

कलम का इतिहास

शालिनी गौतम
बी.ए. द्वितीय वर्ष

कलम को हर कोई जानता है,
अनपढ़ भी इसे पहचानता है।

सदियों पहले भारत ने ही दुनिया का
कलम से परिचय कराया था।

सर्वप्रथम पक्षियों के पंख को
लेखन का माध्यम बनाया था।

सरकंडे की कलम तो कहीं–कहीं
अभी भी प्रयोग में लाई जाती है।

निब वाले होल्डर और दवात की
बुजुर्गो को अकसर याद आती है।

बाद में फाउंटेन पैन चलन में आया
बरसों तक उसने भी अपना रंग जमाया

अब बाल प्वाइंट का जमाना है
सस्ता सुन्दर सुविधा जनक, सबने इसे माना है।

ये शिक्षक कहलाते हैं

उम्मे हानी
एम.ए. द्वितीय वर्ष

वो अपने ज्ञान की ज्योति से
घर–घर ज्ञान का दीप जलाते हैं
जो बच्चों को पाठ पढ़ाते हैं
वो राष्ट्र निर्माता कहलाते हैं
ये शिक्षक कहलाते हैं।
कभी डाँट कर कभी प्यार से
कितना कुछ हमको समझाते हैं
है भविष्य देश का जिनमें
उन सबका भविष्य बनाते हैं
ये शिक्षक कहलाते हैं।
अज्ञानता के काले बादल हटाकर
ज्ञान की रोशनी फैलाते हैं
जो सदैव सत्य मार्ग पर चलना सिखाते हैं
वो ही असली पथ प्रदर्शक बन जाते हैं
ये शिक्षक कहलाते हैं।
हार–हार के फिर से लड़ना ही
जीत है सच्ची
ऐसा एहसास, ये हमको करवाते हैं
कोशिश करते रहना हर पल
जीवन का अर्थ हमें ये बताते हैं
ये शिक्षक कहलाते हैं
ये शिक्षक कहलाते है।।

मैं भारत की बेटी

शिवानी रावत

बी.ए. द्वितीय वर्ष
(स्वरचित)

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ माँ दुर्गा, माँ काली के रूप में
स्त्री को पूजा जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ सूरज, चाँद, तारे आदि ब्रह्माण्डों
को पूजा जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को
माता कहकर बुलाया जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ अपने से बड़ों का आदर–सम्मान
किया जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ स्त्री को आत्म रक्षा के लिए
शस्त्र उठाने का ज्ञान दिया जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ चिकित्सक को ईश्वर का
रूप माना जाता है।

मैं भारत की बेटी
इस देश को नमन करती हूँ।
जहाँ जय जवान, जय किसान का
नारा लगाया जाता है।

तिरंगे का कर्ज़

उम्मे हनी

एम.ए. द्वितीय वर्ष

लाल रक्त से धरा नहाई,
श्वेत नभ पर लालिमा छायी,
आजादी के नव उद्घोष पर,
सबने वीरों की गाथा गायी।

गाँधी, नेहरू, पटेल, सुभाष की,
ध्वनि चारों ओर है छायी,
भगत, राजगुरू और सुखदेव की
कुरबानी से आँखें भर आईं।।

ऐ भारत माता तुझसे अनोखी,
और अद्भुत माँ न हमने पायी,
हमारे रगो में तेरे कर्ज़ की,
एक–एक बूँद समायी।

माथे पर है बाँधे कफन
और तेरी रक्षा की कसम है खायी,
सरहद पे खड़ा रहकर,
आजादी की रीत निभाई
हमारे रगो में तेरे कर्ज़ की,
एक–एक बूँद समायी।।"

रानी लक्ष्मीबाई जिनकी गाथा मैं सुनाती हूँ

खुशी भारद्वाज

बी.ए. द्वितीय वर्ष
(स्वरचित)

भरी सभा में आज मैं इतिहास पुनः दोहराती हूँ
है वो रानी लक्ष्मी बाई जिनकी गाथा मैं सुनाती हूँ

लिए लक्ष्मी और दुर्गा का रूप, लिए अवतार वीरता का।
हो स्वाभिमानी, बन स्वावलम्बी लहराया परचम स्वयं का।।
उनकी महानता उनके शौर्य से सबको अवगत कराती हूँ
वो रानी लक्ष्मीबाई जिनकी गाथा मैं सुनाती हूँ।

जब हर स्त्री के कंधों पर घर का भार होता था
तब लक्ष्मी बाई को बरछी, ढाल, तीर–तलवार सोहता था।।
कई प्रथाएँ तोड़ बढ़ी वह, मैं उन्हें अपना प्रेरक पाती हूँ
वो रानी लक्ष्मीबाई जिनकी गाथा मैं सुनाती हूँ।

यही शौर्य है यही है गाथा, रानी लक्ष्मी बाई की।
वह स्त्री आगे बढ़कर भारतवर्ष पर छाई थी
सबको इनसे प्रेरित करके, मन में उत्साह जगाती हूँ।
इसीलिए मैं रानी लक्ष्मीबाई की ऐतिहासिक गाथा गाती हूँ।

पिता

एकता पाण्डेय
एम.ए. प्रथम वर्ष

किसी ने क्या खूब कहा है कि जेब खाली हो फिर भी मना करते नहीं देखा, मैंने पापा से अमीर इन्सान नहीं देखा।

नमस्ते, मैं एकता पाण्डेय एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा,

माँ की ममता, माँ के प्यार पर तो बहुत कुछ लिखा गया है, आज मैं पिता पर कुछ लिखना चाहूँगी।

अस्पताल में मेरा जन्म होने के साथ इसकी शुरूआत होती है वो था.....

क्योंकि अभी तो मैने पहली साँस भी न ली थी और उसकी धड़कने तेज हो चुकी थीं, मेरी पहली किलकारी सुनते ही पूरे अस्पताल में मिठाई बँट चुकी थी,

याद नहीं मुझे कि सबसे पहले किसकी गोद में गयी थी, पर शायद उसी का हाथ था जो सबसे पहले मेरे सिर पर फिरा था,

हाँ खाने की किल्लत थी हमारे घर में, पर फिर भी खिलौने सजा रखे थे, अपने सपने बीच में छोड़ कर मेरे लिए F.D. में पैसे बचा रखे थे,

कौन था वो शख्स?

क्योंकि लफ्ज़ों की दुनिया से मैं अभी भी अंजान थी,

पर न काम, न कुछ और बस मेरा हँसता चेहरा ही, उसकी असली जान थी,

दिन भर वो धूप में तपता रहता, मिट्टी में अपना बदन भिगोता रहता, लेकिन घर आते ही सब छोड़–छाड़कर कभी मुझे हाथों में उछालता, कभी हाथी तो कभी घोड़ा बनकर मेरे साथ खेलता और मुझे सीने से लगाता,

आखिर कौन है वो?

जो अपने हिस्से की रोटी मुझे खिलाकर खुद भूखे पेट सोता था, जिसे बुखार तो आता था लेकिन आराम नहीं करता था, जिसे दर्द तो होता था लेकिन बाँट नहीं पाता था, शायद आँसू तो आते थे उसकी प्यारी–सी आँखों में लेकिन कभी बहा नहीं पाता था,

कौन है वो?

जो मेरी जवानी के साथ खुद बूढ़ा हो रहा था। दर्द ने उसके पैरों को जकड़ रखा था पर मेरे लिए भाग रहा था।

जवानी मुझपर चढ़ती गई बाल उसके सफेद होने लगे, जो अब तक मेरी आँखों के साथी थे।

आज वही आँसू उसकी आँखों से बहने लगे।

घुटनों से लेकर चलने तक का सफर मैंने उसके साथ तय किया है, पिता नहीं मैंने उसे भगवान का दरजा दिया है,

क्योंकि धरती पर रूप भगवान का पिता ही तो है,

पिता के बिना जीवन की हर सफलता अधूरी है।

वो और कोई नहीं वो पिता हैं।

पहचान

सलोनी गौतम (स्वरचित)
बी.एस–सी. प्रथम वर्ष

चलो अब नयी पहचान बनाते हैं,
जिन्दगी को कैसे जीना है ये सीख कर आते हैं।

दुनिया जहाँ की बातें भूलकर फिर से मुस्कुराते हैं,
खुशियाँ पेन्डिंग में नहीं डाउनलोडिंग पर लगाते हैं।

करके मेहनत हम अपने सपनों को
एक नयी उड़ान भरना सिखाते हैं।

बनानी है अगर तुमको एक अपनी अच्छी पहचान
तो अपने अंदर की सारी नेगेटिव थिंगस को मिटाते हैं।

थकना नहीं है आखिरी साँस तक
दुनिया को अपनी नयी पहचान दिखाते हैं।

चलो अब नयी पहचान बनाते हैं,
ज़िन्दगी को कैसे जीना है ये सीख कर आते हैं।

उड़ने की आशा

मीना वर्मा
बी.ए. प्रथम वर्ष

कभी–कभी मैं हार कर बिखर जाती हूँ
पर तू मुझे समेट कर जीत बना देती है।

आसमान में उड़ना आसान तो नहीं
पर उड़ने की आशा कम भी तो नहीं।

मैं हर छोटी बात पर रो देती हूँ बेशक
पर मैं कमजोर हूँ ऐसा भी नहीं।

मेरी आँखों से गिरते आँसू ये गवाही देते हैं
मैने खुद को सँभाला है हर परिस्थिति में।

टूट कर फिर जोड़ती हूँ मैं खुद को
इतना मजबूत बनाया है मैंने खुद को।

पुलवामा हमला

शिवानी रावत
बी.ए. द्वितीय वर्ष
पिता का नाम– फूलचन्द्र रावत
(स्वरचित)

प्रेम दिवस है नहीं आज, न सजाना दिवानों गुलाबों भरा गमला
अगर सच्चे भारतीय हो यारों, याद करो जरा पुलवामा हमला
जिन आँखों में मौत का खौफ़ न था जिन दिलों को जन्नत का शौक न था
जिनकी ज़िन्दगी सरहद की शाम थी, जिनकी नींदें वतन पे नीलाम थीं
जरा याद करो उन वीरों को जिनकी हर साँस वतन के नाम थी,
छोड़ चले थे वो वीर आज इस जमीं को, चुन लिया था आँखों ने आँखों में छिपी नमी को
तिरंगे से लिपटी उनकी लाश जब घर को आयी थी छूटा था किसी के माँग का सिन्दूर
किसी की चहकती चिड़िया चीख–चीख चिल्लायी थी, किसी के बापू ने छिपाये थे खुद के आँसू खुद की निगाहों में
किसी की माँ ने समेटा था बेटे को अपनी बाँहों में, बिलख–बिलख के वो बूढ़ी माँ,
कुछ यूँ बोल रही थी कि जब तक लोरी न सुनाऊँ लाल को मेरे नींद न आये
आज लोरी सुने बिना ही सो गया उठाने पर उठता नहीं,
कितने गहरे ख्वाबों में खो गया, शत्–शत् नमन करूँ
मैं इन वीर जवानों को, कभी न भूलूँगी अपने देश के इन परवानों को
बहुत हुआ अब, हमने बहुत सहन कर लिया, खूब थामा चुप्पी को
खूब शान्त कर लिया सीने में धधकती ज्वाला को
देशद्रोहियों को जलाना होगा, देश की रोटी खाकर
जो देश की मर्यादा भूल बैठे हैं, ऐसे गद्दारों को देश से बाहर भगाना होगा।

जय हिन्द
जय भारत

तुम्हें जगाने आया हूँ

निशि शुक्ला
बी.ए.II

हे भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूँ , सौ धर्मों का धर्म एक बलिदान बताने आया हूँ।
सुनो हिमालय कैद हुआ है दुश्मन की जंजीरों में, आज बता दो कितना पानी है भारत के वीरों में
खड़ी शत्रु की फौज द्वार पर आज तुम्हें ललकार रही, सोए सिंह जगो भारत के, माता तुम्हें पुकार रही।
रण की भेरी बज रही उठो मोह निद्रा त्यागो, पहला शीष चढ़ाने वाले माँ के पुत्र जागो।
बलिदानों के वज्रदण्ड पर देशभक्त की ध्वजा जगे, रण के कंकण पहने हैं, वे राष्ट्रभक्ति की भुजा जगें।
नर मुण्डों की माला वाली जगे कपाली कैलाशी, रण की चण्डी घर–घर नाचे मौत कहे प्यासी–प्यासी।
रावण का वध स्वयं करूंगा, कहने वाला राम जगे और दुष्ट शेष न एक बचेगा कहने वाला श्याम जगे।
परशुराम का फरसा जागे, रघुनन्दन का बाण जगे, यदुनन्दन का चक्र जगे, अर्जुन का धनुष महान जगे।
हठी हम्मीर जगे जिसने, झुकना कभी न जाना, जगे पद्मिनी का जौहर, जगे केसरिया बाना।
देशभक्ति का जीवित झंडा आज़ादी का दीवाना, वह प्रताप का सिंह जगे, वह हल्दी घाटी का राणा।

उठो द्रौपदी शस्त्र उठा लो

छोड़ो मेहन्दी खड़ग उठा लो, खुद ही अपना चीर बचा लो
द्यूत बिछाए बैठे शकुनि मस्तक सब बिक जाएंगे, उठो द्रौपदी शस्त्र उठा लो अब गोविन्द न आएंगे

कब तक आस लगाओगी तुम बिके हुए अखबारों से कैसी रक्षा माँग रही हो दुःशासन दरबारों से,
स्वयं जो लज्जाहीन पड़े हैं वो क्या लजा बचाएगें, उठो द्रौपदी शस्त्र उठा लो अब गोविन्द न आएंगे

कल तक केवल अन्धा राजा अब गूंगा बहरा भी है। होठ सीं दिये हैं जनता के, कानों पर पहरा भी है।
तुम ही कहो ये अश्रु तुम्हारे किसको क्या समझाएंगे, उठो द्रौपदी शस्त्र उठो लो अब गोविन्द न आएंगे

गुरू से बड़ा न कोई

यशी सोनवानी
बी.ए. प्रथम वर्ष

चाहे हो राजा–महाराजा या स्वयं ही लक्ष्मी होय
पर इतना मानव जान लो
गुरू से बड़ा न कोय।

सत्य है! इस संसार में गुरू से बड़ा कोई नहीं है। स्वयं भगवान राम भी गुरू के भक्त थे। चाहे वह सतयुग हो, त्रेतायुग या द्वापर हो किन्तु हर युग में गुरू का स्थान ही सबसे उत्तम व सर्वोपरि रहा है।

इस संसार में मानव गुरू के बिना एक गूँगे पशु की भाँति है जिसे अपना पेट भरने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं पता है। वह जानेगा तो बस इताना कि इस दुनिया में पेट पूजा ही अत्यन्त आवश्यक कार्य है, किन्तु वह यह नहीं समझ पायेगा कि पेट पूजा से उत्तम प्रभु पूजा है। यदि प्रभु आप पर प्रसन्न, तो कोई भी इस संसार में भूखा नहीं रहता और प्रभु भक्ति का यह ज्ञान देने वाला है 'गुरू'। गुरू ही हमें बताता हैं कि हम किस प्रकार ईश्वर की वन्दना करें और गुरू ही हमें ईश्वर को प्राप्त करने का रास्ता ज्ञात कराता है। जैसे कबीरदास जी कहते हैं–

बलिहारी गुरू आपणै, द्यौ हाड़ी कै बार।
जिन मानिष तै देवता, करत न लागी बार।।

कबीरदास जी ने भी इस दोहे में कहा है कि मैं दिन में अनेक बार अपने गुरू पर न्यौछावर जाता हूँ जिसने मुझे ज्ञान देकर अपने स्वरूप की पहचान करा दी अर्थात मुक्ति का मार्ग दिखाया।

भगवान जो स्वयं विष्णु के अवतार थे, उन्होंने भी गुरू वशिष्ठ से ज्ञान प्राप्त किया। इसी प्रकार महाभारत के युद्ध में जब अर्जुन ने अपने सामने अपने पारिवारिक सदस्यों को अपने विरूद्ध सामने खड़ा देखा, तो उनके हाथ बाण चलाने के लिए नहीं उठे, तब अर्जुन के सारथी बने श्री कृष्ण ने एक गुरू की भाँति उपदेश दिए और सही मार्ग दिखाया।

गुरू का अर्थ यही नहीं कि जो हमें विद्यालय में किताबी ज्ञान दे या विद्यालयी शिक्षक को ही गुरू की उपाधि नहीं दी जाती। वह तो हमारे गुरू होते ही हैं, हमारे जीवन को उन्नति की ओर ले जाने वाले, किन्तु हर वह व्यक्ति जो हमें सही मार्ग दिखाए, हमें ज्ञान दे, हमारा गुरू है चाहे उसने हमें जीवन में एक ही बार ज्ञान क्यों न दिया हेा। कभी–कभी किसी की कही एक बात हमारा सम्पूर्ण जीवन सँवार देती है। ऐसी स्थिति में वह हमारा सबसे बड़ा गुरू हुआ जिसके एक उपदेश ने पूरा जीवन सँवार दिया।

गुरू न कोई एक है, न कोई एक महान। हर वह मानव गुरू है दे दे जो नेकी का ज्ञान।।

वर्तमान समय में गुरू और शिष्य की मर्यादा कुछ समाप्त होती जा रही है। आज का अत्यधिक विद्यार्थी यह सोच रखता है कि यह हमें शिक्षा दे रहे हैं तो हम इनसे मुफ्त में शिक्षा नहीं ले रहे हैं और कुछ तो गुरू के साथ दुर्व्यवहार भी करने लगे हैं। आज के समय में ज्यादातर विद्यार्थियों को वही गुरू पसन्द आते हैं, जो उनकी गलतियों को नजर अन्दाज करते हैं, कुछ बड़े माँ–बाप की अमीर बिगड़ी हुई औलादें अपने माता–पिता की ऊँची पोस्ट और पैसों के घमण्ड में गुरू की इज्जत नहीं करते हैं। कुछ विद्यार्थी गुण्डागर्दी और नेतागीरी में रहते हैं। मौका लगते ही गुरू की अवहेलना करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

इन मर्यादाओं के भंग होने पर भी मैंने अनुभव किया है कि भले ही विद्यार्थी को गुरू की चिन्ता न हो या गुरू का सम्मान न करता हो फिर भी गुरू को अपने शिष्य के भविष्य की चिन्ता रहती है। उसी प्रकार जिस प्रकार पुत्र कितना भी कुपुत्र हो माँ की ममता उसके लिए कम नहीं होती उसी प्रकार विद्यार्थी कितनी भी गुरू की निन्दा करे गुरू केवल उसके भविष्य की चिन्ता करता है। वह हर समय उसे सही मार्ग दिखाने में लगा रहता है। कुछ विद्यार्थियों को सही मार्ग दिखाने में गुरू को उसके दुर्व्यवहार को भी सहन करना पड़ता है तब भी गुरू यही कोशिश करता है कि उसके अन्दर की ये गन्दगी दूर हो जाए।

इसलिए कहते हैं गुरू से बड़ा न कोय।
हे मेरे गुरू, मार्ग दर्शक, तुम्हीं मेरे बन्धु तुम्हीं मेरे भर्ता।

हमें अपने गुरू की कभी भी निन्दा नहीं करनी चाहिए यदि गुरू हमें डाँटता भी है, तो हमें अपनी गलती पर विचार कर, उसमें सुधार लाना चाहिए, फिर आप देख सकते है कि गुरू आपको अपने से भी ज्यादा स्नेह प्रदान करेगा।

सुविचार

अर्पिता श्रीवास्तव
बी.ए. प्रथम वर्ष

(1) सपने वो नहीं जो आप सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने नहीं देते।
(2) नेगेटिविटी एक ऐसी भयानक बीमारी है जो जिन्दा इंसान को मुर्दा बना देती है।

डॉ0 अब्दुल कलाम

(3) जितना बड़ा संघर्ष होगा,
जीत उतनी ही शानदार होगी।

स्वामी विवेकानन्द

प्रेरक प्रसंग–

खतरे के आगे डरो मत

अंशिका तिवारी
बी.ए. द्वितीय वर्ष

स्वामी विवेकानन्द बचपन से ही निडर थे, जब वह आठ साल के थे तब वे एक मित्र के यहाँ खेलने जाया करते थे। उसके घर में एक चंपक पेड़ था। एक दिन वह उस पेड़ को पकड़ कर झूल रहे थे। मित्र के दादाजी पहुँचे। उन्हें डर था कि कहीं नरेन्द्र गिर न जाएँ, इसलिए उन्होंने समझाते हुए कहा **"नरेन्द्र, तुम इस पेड़ से दूर रहो, क्योंकि इस पेड़ पर एक दैत्य रहता है।"**

नरेन्द्र को अचरज हुआ, उसने दादाजी से दैत्य के बारे में और भी कुछ बताने का आग्रह किया। दादाजी बोले,**"वह पेड़ पर चढ़ने वाले की गर्दन तोड़ देता है।"** नरेन्द्र बिना कुछ कहे आगे बढ़ता है, दादाजी भी मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए। उन्हें लगा कि बच्चा डर गया है, पर जैसे ही वे कुछ आगे बढ़े नरेन्द्र पुनः पेड़ पर चढ़ गए और डाल पर झूलने लगे। मित्र जोर से चीखा, "तुमने दादा जी की बात नहीं सुनीं।" नरेन्द्र जोर से हँसे और बोले, "मित्र डरो मत! **तुम भी कितने भोले हो! सिर्फ इसलिए कि किसी ने तुमसे कहा है उस पर यकीन मत करो, खुद सोचो अगर यह बात सच होती तो मेरी गर्दन कब की टूट चुकी होती।**

प्रेरणा गीत

सोनी चौरसिया
बी.ए. द्वितीय वर्ष

जो बीच राह में बैठ गये, वे बैठे ही रह जाते हैं,
जो लगातार चलते रहते, निश्चित ही मंजिल पाते हैं
माना कि दूर किनारा है, फिर सागर ने ललकारा है
तब बैठे रहना हाथ बाँध वीरों को नहीं गवारा है।
जो लगातार चलते रहते निश्चित ही मंजिल पाते हैं।

वे कायर हैं जो घर गये, नर–नाहर बाजी मार गये
इन तूफानों से टकराकर हिम्मत वाले उस पार गये।
जो तकदीर बदलने निकले हैं वो गीत खुशी के गाते हैं
जो लगातार चलते रहते निश्चित ही मंजिल पाते हैं

माना गहरा अँधियारा है, पर हमने कब स्वीकारा है
हम दीपक से जलते रहते, हमसे पग–पग उजियारा है
जो आगे बढ़ते रहते हैं, वे नव पथ दिखलाते हैं
जो लगातार चलते रहते हैं, निश्चित ही मंजिल पाते हैं।

ऐ ज़िंदगी फिर भी तू अच्छी लगती है

मीना वर्मा
बी.ए. प्रथम वर्ष

ऐ ज़िन्दगी तूने बहुत सितम किये हैं, मुझ पर,
फिर भी तू अच्छी लगती है
तूने एक पल मुझे हँसाया
दूसरे पल रूलाया
फिर भी तू अच्छी लगती है
तूने गम तो बहुत दिये मुझे
पर उस गम में भी
मुस्कुराना सिखाया।
ऐ ज़िन्दगी फिर भी तू अच्छी लगती है
माना राह में काँटे बहुत होते हैं।
मगर उन काँटों के पार चल कर
फूल भी तो होते हैं।
आँखों में आँसू होठों पर हँसी
तूने ऐसे दिन भी दिखाया मुझे।
ऐ ज़िन्दगी फिर भी तू अच्छी लगती है।

गरीबदास के चार बेटे

प्रिया सक्सेना
बी.ए. द्वितीय वर्ष

गरीबदास जी ने मुझे चाय पर बुलाया अपने चारों बेटों से मेरा परिचय करवाया। ये मेरा बड़ा लड़का है, एम.बी.बी. एस. पास है, नाम इसका हर्ष है पर रहता उदास है। ये जो टूटी खाट पर लेटा है, मेरा दूसरा बेटा है लंदन से आया है, इंजीनियरिंग की डिग्री लाया है। तीसरा जो नल से पानी भर रहा है हिन्दी में एम.ए. कर चुका है पी–एच.डी. कर रहा है।

चौथे का दिमाग जरूरत से ज्यादा हाई है पढ़–लिख नहीं पाया है इसलिए कटिंग सैलून चलाता है। अच्छे–अच्छों की हजामत बनाता है। मैंने कहा गरीब जी परिवार की रिपुटेशन को संभालिए। आपने तीनों लड़कों को तो खूब पढ़ाया पर यह मखमल में टाट का पैबंद कहाँ से आया? वह बोले निकाल तो दूँ पर आजकल यह अपने बहुत काम आ रहा है बाकी तो सब बेरोजगार हैं, घर का खर्चा तो यही चला रहा है।

कोशिश कर

मानसी
बी.ए. प्रथम वर्ष

कोशिश कर हल निकलेगा
आज नहीं तो कल निकलेगा।
अर्जुन–सा लक्ष्य रख निशाना लगा
मरूस्थल से भी फिर, जल निकलेगा।
मेहनत कर, पौधों को पानी दे
बंजर में भी फिर, फल निकलेगा।
ताकत जुटा हिम्मत को आग दे
फौलाद का भी बल निकलेगा।
सीने में उम्मीदों को जिंदा रख
समन्दर से भी, गंगाजल निकलेगा।
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की
जो कुछ थमा–थमा है, चल निकलेगा।
कोशिश कर हल निकलेगा
आज नहीं तो कल निकलेगा।

धरती बचेगी, तब बचेंगे हम

ज्योति रावत
बी.ए. द्वितीय वर्ष

धरती बचेगी जब, तब बचेंगे हम
घनेरे पेड़ पग–पग पर छाँव धरे

बलखाती नदियाँ युगों से प्यास बुझातीं
नीले सागर गगन पर मेघ रचते

ऊँचे पर्वत सीना ताने बरखा बरसाते।
मदमस्त पवन जीवन हर्षाते

नदी, पर्वत, सागर, बादल, हवा और जल के बिना
आखिर कैसे बचेगी यह प्यारी धरती
आखिर तिनको के बिना कैसे रहेगा यह नीड़।

बेटियों के लिए

सोनी चौरसिया
बी.ए. द्वितीय वर्ष

लड़कों की तरह लड़की भी
मुट्ठी बाँध के पैदा होती है,
लड़कों की तरह लड़की भी
माँ की गोद में हँसती रोती है।
भूख लगे तो रोती है,
लोरी सुनकर सोती है,
दादा की लाडली
दादी का चश्मा तोड़ती है,
दुल्हन के जैसे माँ का
आँचल ओढ़ती है।
आती है दोनों की जवानी,
बनती है दोनों की कहानी
दोनों कदम मिलाकर चलते हैं,
दोनों दीपक बन के जलते हैं।
कुछ भी नहीं अन्तर फिर क्यों
जन्म से पहले मारी जाती हैं
सिर्फ बेटियाँ, बेटियाँ, बेटियाँ।

माँ

सलोनी प्रजापति
बी०ए० प्रथम वर्ष

माँ तो जन्नत का फूल है,
प्यार करना उसका उसूल है,
दुनिया की मोहब्बत फ़िजूल है,
माँ की हर दुआ कबूल है,
माँ को नाराज करना,
इन्सान की भूल है,
माँ के कदमों की मिट्टी,
जन्नत की धूल है,.....
माँ से ही भगवान है.....
और माँ से ही हम.....

श्री लाल बहादुर शास्त्री जी

रोशनी
बी.ए. प्रथम वर्ष

नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। रामनगर के लिए खुलने ही वाली है, बस एक–दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है– 'आ जाओ, खड़े क्यों हो ? क्या रामनगर नहीं जाना है ? नवयुवक ने कहा,"जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता। क्यों भैया? रोज तो इसी नाव से आते–जाते हो, आज क्या बात हो गयी? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ।"

अरे ! यह कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना । नवयुवक ने सोचा, बडी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती है। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ तो कहाँ से दूँगा ? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब–कापियाँ एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला– अजीब मनमौजी लड़का है।

छप–छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भीगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठीं।

"अरे! तुम्हारे कपड़े तो भीगे हैं, जल्दी उतारो।"

नवयुवक, ने सारी बात बतलाते हुए कहा, "तुम्हीं बोलो माँ, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता ? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहाँ तक उचित था। यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गगां पार करके आया हूँ। माँ रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, "बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा।" वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

आत्मविश्वास

आरती प्रजापति
बी०ए० प्रथम वर्ष

1. ये आसमाँ छिन गया तो क्या, नया ढूँढ लेंगे,
   हम वो परिंदे नहीं जो उड़ना छोड़ देंगे।।
2. ये पारावर छूट गया तो क्या ? नया सागर ढूँढ़ लेंगे,
   हम वो कश्तियाँ नहीं जो तैरना छोड़ देगें !!
3. कदम चलते रहेंगे....जब तक साँस है।
   परिस्थिति से परे स्वयं पर हमें विश्वास है।
4. एक रास्ता मिला नहीं तो क्या नई राहें , ढूँढ लेंगे,
   हम वो मुसाफिर नहीं जो चलना छोड़ देंगे !!
5. ख्वाबों को महकता रखते हैं, हम मंजिलों से राब्ता रखते हैं।
   नशा हमें हमारी फितरत का, हर हार करती है बुलंद.....
   इरादा जीत का !
6. ये मुकाम नहीं हासिल, तो क्या ? नये ठिकाने ढूँढ़ लेंगे,
   हम वो शय नहीं, जो अपनी तलाश छोड़ देंगे।।

लोग क्यों ऐसे होते हैं ?

रंजना रावत
बी. ए. प्रथम वर्ष
(स्वरचित)

हैं ये सभी बहुत प्यारे !
फिर भी क्यों हैं ये, अपनी किस्मत से हारे।
कुकर्म करके ये, कितने अप्रिय हो जाते हैं।
झिझकते नहीं हैं ये, कुछ भी करने से।
डरते नहीं हैं ये, कभी मरने से।
खुद तो कभी कुछ ये, कर सकते नहीं।
जो करते भी हैं तो ये, उन्हें करने देते नहीं ।
खुश किस्मत हैं सब ये, जो इन्होंने रूप यह पाया है।
न जाने कब समझेंगे उसे ये, जिसने इन्हें बनाया है।
आज अपना देश इसीलिए पिछड़ा है।
विद्वानों का भी यही दुखड़ा है।।

रिश्ता

शिवानी रावत–श्री राजेन्द्र रावत
बी. ए. द्वितीय वर्ष
(स्वरचित)

एक शहर में एक अंजू नाम की लड़की रहती थी। जो बहुत सीधी–सादी थी। उसका एक छोटा भाई था। जिसका नाम राज था। दोनों भाई–बहन में बहुत प्यार था। समय बीतता गया और अंजू की शादी हो गई। कुछ समय बाद अंजू ने अपने छोटे भाई राज की शादी कर दी। राज को बहुत ही सुंदर व सीधी पत्नी मिली, लेकिन भाई–बहन का प्यार वैसे ही रहा। समय बीतता गया और एक समय ऐसा आया जो बहुत दुःख से भरा था। राज के पैर में एक गंभीर चोट लगने से वह चल नहीं पा रहा था। जिस कारण राज के परिवार में अनेक समस्याएं आने लगीं। उसकी बहन अंजू ने बहुत मदद की। अंजू एक अस्पताल में स्टाफ का काम करती थी। उसने अपने भाई राज को अच्छे से अच्छे डॉक्टर को दिखाया था, पर राज का पैर ठीक ना हुआ। समय बीतता गया, और अचानक अंजू की कमर की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया, जिससे अंजू भी नहीं चल पा रही थी।

दोनों भाई–बहन ने ऊपर आकाश की ओर देखकर कहा – हे भगवान यह कैसी विपत्ति डाली है। जो हम भाई–बहन एक दूसरे को मिलने के लिए तरस रहे हैं। दोनों को 4 साल बीत गया है इस गंभीर समस्या को झेलते हुए। लेकिन 4 साल के बाद अचानक चमत्कार हुआ, वह दोनों ठीक हो गए। राज भी चलने लगा और अंजू भी ठीक हो गई। दोनों खुशी से एक दूसरे से पुनः मिलने लगे। राज व अंजू ने एक साथ बचपन, दुःख, खुशी, का पल बिताया। अंजू व राज का सच्चा भाई – बहन का प्यारा रिश्ता है। उनके इस रिश्ते में कोई भी स्वार्थ नहीं है। जो आज के समय में देखने को मिलता है।

भाई बहन का रिश्ता कैसे निभाना है,
यह राज और अंजू ने सबको बताया है।

नारी

शालिनी यादव
बी. ए. प्रथम वर्ष

जिस धरा पर तलवार को उठाकर,
बनी थी झांसी की रानी, लक्ष्मीबाई
उसी धरा पर आज की नारी, तू
फिर क्यूं है संकुचाई।

बहुत हो रहा है जुल्म अब नारी
पर, और बहुत हो रहा है आघात
अब क्यूं सहे तू नारी यह अत्याचार
और क्यूं दाबे तू अपने मन की बात।

तूने तो बहुत सहा है नारी, फिर भी
ना मिला पुरुषों के बराबर सम्मान।
मिलाकर चल कदम अब तो पुरुषों से,
बढ़ा तू नारी का सम्मान।

दुनिया तुम्हारे साथ होगी

समरीन खातून
बी. ए. प्रथम वर्ष

सूखे से जूझता किसान, जब खेत में हल चलाता है
आँखों में आशाएँ पर, मन ही मन में घबराता है
घबरा मत कृषक तेरी मेहनत से
सूखी पड़ी हुई धरती पर फिर से बरसात होगी
तेरे साहस की, हौंसलों की कभी न हार होगी
तुम चलो तो दुनिया तुम्हारे साथ होगी।

नन्हीं–सी चींटी जब दीवार पर चलती है,
उससे पहले जाने कितनी बार फिसलती है
बार–बार गिरकर वह यह सबक सिखाती है कि
कोशिश करने वालों की कभी न हार होगी
हिम्मत करने वालों की कभी न हार होगी
तुम चलो तो दुनिया तुम्हारे साथ होगी।

दुःखों से भरे इस जीवन में सुख की लहर भी साथ होगी,
तुम चलो तो दुनिया तुम्हारे साथ होगी।

कविता

पायल मिश्रा
बी.ए.प्रथम वर्ष

कुछ करना है

कुछ करना है, तो डट कर चल।
थोड़ा–सा दुनिया से हट कर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते हैं।
कभी इतिहास को पलटकर चल।

बिना काम के मुकाम कैसा?
बिना मेहनत के दाम कैसा?
जब तक ना हासिल हो मंजिल
तो राह में आराम कैसा?

अर्जुन–सा निशाना रख।
मन में ना कोई बहाना रख।
लक्ष्य सामने है, बस
उसी पर अपना ठिकाना रख।।

सोच मत साकार कर।
अपने कर्मों से प्यार कर।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल।
किसी और का ना इंतजार कर।

नारियल और पत्थर

कोमल मौर्या
बी.ए. प्रथम वर्ष

एक पेड़ था नारियल का ऊँचाई थी जमकर
उसके नीचे पड़ा हुआ था बदसूरत–सा पत्थर
नारियल अकसर घमण्ड में उसकी हँसी उड़ाता
क्या करता बेचारा पत्थर मन ही मन दुःख पाता।
एक बार एक मूर्तिकार ने देखा जब वो पत्थर
सोच–समझकर उस पत्थर की मूर्ति बना दी सुन्दर
लोगों ने उस देव मूर्ति को मंदिर में रखवाया
जो सबकी ठोकर खाता था उसका मान बढ़ाया।
और एक दिन एक आदमी वही नारियल लाया
मूरत के चरणों में फोड़ा न्याय सभी ने पाया
ऊँचा उठना, नीचे गिरना दुनिया का दस्तूर
कभी न उसकी हँसी उड़ाना जो बेबस, मजबूर।

स्वयं की खोज

गुंजन मौर्या
बी.ए. तृतीय वर्ष

महान लोग सदैव स्वयं की खोज में रहते हैं। जिस ज्ञान से मनुष्य स्वयं को जान सके वही सच्चा ज्ञान है।
हर चीज का समाधान आपके अंदर है बस उसे अच्छे से जानने की जरूरत है।

हे नारी!

अर्चिता यादव
बी.कॉम तृतीय वर्ष
(स्वरचित)

हे नारी! तुम किससे इतना डरती हो,
बुन कर उनके जीवन को क्यों स्वयं तुम बिखरती हो

जिन लोगों से तुम डरती हो वो तुम्हारे ही तो अंग है;
चाहे हों वो द्वारिकाधीश चाहे मृत्यु योग्य कौरव वंश है।
जीवनदायिनी स्वरूप में देती पोषण व आकार भी;
तुमने तो गोद में देव हैं पाले, करो दुष्टो का संहार भी।
हे नारी! तुम कबसे इतना डरने लगी;
इतिहास में रक्त बहाया था तो अश्रुधारा क्यों भरने लगीं ?

द्वापर में स्वयं द्वारिकाधीश थे आए तुम्हारी लाज बचाने को;
कलियुग में आए हैं दुर्योधन, तुम्हे अबला–सी बताने को।
तुम ही तो थीं माँ सीता की मर्यादा और माँ काली की वो शक्ति भी;
तुम थी झाँसी की मर्दानी और वो जौहर ज्वाला धधकती–सी।
हे नारी! तुम क्यों इतना डर जाती हो;
बहरों की सभा में क्यों, न्याय की चीख लगाती हो।

तुम क्यों सहम–सी जाती हो, जब घर से बाहर निकलती हो; जाती हो
तुम एक जगह पर रस्ते रोज बदलती हो।
युगों से घर की लक्ष्मी थी, अब भद्रकाली के अस्त्र संभालो तुम;
और जटाधारी के सीने पर थे कदम, उनको आज बढ़ा लो तुम।

माँ

शशि गौतम
बी.एस.सी.
तृतीय वर्ष

अपनी माँ के आँचल में,
मिलता सुख सागर है
बड़ी–बड़ी विपदाओं को
करती पल में नश्वर है।
उसकी सतांनों में जीवित
माँ का सारा स्वर है।

बचपन में माँ ने दुलराया
रोते हुए को चुप करवाया।
पंचतंत्र की कथा सुनाई
थपकी देकर मुझे सुलाया।
त्याग प्रेम ममता का घर
लोरी मंगल गीत अमर हैं।

माता के चरणों में जन्नत है
वह पहली गुरू सादर है
माँ का हर बच्चा सुन्दर है ।

मनुष्य को मशीन न बनाएँ

तनु सिंह
एम.ए. प्रथम सेमेस्टर
समाजशास्त्र

कामकाज एवं सामान्य जीवन में संतुलन से ही व्यक्ति समाज में सर्वोत्तम योगदान दे सकता है। आजकल वर्क–लाइफ बैलेंस पर बहस जोर पकड़ती जा रही है। हम जानते हैं कि कोविड जैसी आपदा से निपटने के बाद हम सभी ने बहुत–बहुत मुश्किल से अपने कार्य और परिजनों के मध्य समय का संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया है। परन्तु पिछले दिनों लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने हफ्ते में 90 घंटे काम करने का विचार रखा। क्या वह मनुष्य को रोबोट से अधिक कुछ नहीं समझते? क्या वह भुला बैठे हैं कि रोबोट को भी देखभाल और चार्जिंग की आवश्यकता होती है। तो एक मनुष्य को क्यों नहीं ?

सनातन परंपरा में मानव जीवन और उसकी कार्यक्षमता के संबंध में मानव केंद्रित वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है। इस परंम्परा में हम विकास और दिखावे व भौतिकवाद के लिए अंधी दौड़ में शामिल होकर गलाकाट प्रतिस्पर्धा नहीं करते, अपितु स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाते हुए अपने व्यक्तित्व को सफलता के शिखर तक पहुँचाते हैं।
हम उत्पादकता को बढ़ाने के लिए शारीरिक–मानसिक संतुलन को नहीं बिगड़ने देते, क्योंकि **अति सर्वत्र वर्जयते** ।

हमारे यहाँ सफलता की जगह सार्थकता पर बल दिया। महात्मा गाँधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे भारतीय विचारकों के अनुसार जीवन के परम लक्ष्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष नामक पुरुषार्थ की प्राप्ति के लिए शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का स्वास्थ्य, संतुलन और समन्वय आवश्यक है। मानव जीवन का मशीनीकरण होने से उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। मनुष्य का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। विभिन्न शोध बताते हैं कि अत्यधिक काम करने से उच्च दाब और हृदय संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं।

यदि हम नवीन तथ्यों का अनुसंधान करना चाहते हैं, तो इसके लिए मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त रखना चाहिए। यह तभी संभव होगा जब वर्क लाइफ बैलेंस होगी ।

पुस्तकालय

नैन्सी चौरसिया
बी० ए० तृतीय वर्ष

इंटरनेट का होना भले ,करे बहुत विस्तार,
किन्तु पुस्तकालय सदा, देते उच्च विचार।
सदा पुस्तकालय रहे, असीम ज्ञान की खान,
भावी पीढ़ी के लिए, होंगे ये वरदान।

मिलते पुस्तक से हमें, विद्या सत्य–विचार,
त्याग, दया, उपकार के, भाव मिलें उपहार।
पुस्तकालयों की रही, महिमा अपरम्पार,
युवा, वृद्ध, बालक करते हैं सम्मान।

दुनिया का आरम्भ है नारी

खुशी शर्मा
बी०ए० तृतीय वर्ष
(स्वरचित)

दुनिया का आरम्भ है नारी, रौद्र रुप प्रचंड है नारी,
कोमलता भी नारी का अंग, नारी से ही है सब रंग।

नारी हो तुम रुकना मत, किसी के आगे झुकना मत,
स्वयं करो अपना सम्मान, अलग बनाओ तुम पहचान।

कहते हैं नव रुप है नारी, फिर भी वो हर रूप में हारी,
माँ, बहू, बेटी सब है नारी, दुनिया का आरम्भ है नारी।

अच्छे संस्कार

उम्मुलवरा
बी०ए० प्रथम वर्ष

इंसान का व्यवहार उसके संस्कारों से निर्धारित होता है। संस्कार किसी किताब में नहीं मिलते, ये सीखे जाते हैं। अपने परिवार से और अपने घर के बुजुर्ग लोगों से । संस्कार विहीन व्यक्ति पशु समान होता है। हमारे संस्कार ही हमें जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं। संस्कार का संस्कृत में अर्थ होता हैं– शुद्धीकरण अर्थात् जो तन और मन को शुद्ध करें वह संस्कार हैं। किसी ने क्या खूब कहा है कि बोली बता देती है कि इंसान का व्यवहार कैसा है और संस्कार बता देते हैं कि परिवार कैसा है। बच्चों को उपहार न दिया जाए तो वह कुछ ही समय रोएगा, मगर संस्कार न दिए जाए तो वह जीवन भर रोएगा। आपकी डिग्री मात्र एक कागज का टुकड़ा है। आपकी असली शिक्षा आपके व्यवहार से दिखती है। किसी का सरल स्वभाव उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसके माता–पिता के द्वारा दिए हुए संस्कार होते हैं। संसार को अपने संस्कारों से जीता जा सकता हैं अहंकार से नहीं! संघर्ष करना पिता से सीखें और संस्कार माँ से सीखें, बाकी सब दुनिया सिखा देती है।

कलियों को खिल जाने दो

निधि वर्मा
बी.कॉम द्वितीय वर्ष

कलियों को खिल जाने दो, मीठी खुशबू फैलाने दो,
बंद करो उनकी हत्या अब जीवन ज्योति जलाने दो
कलियाँ जो तोड़ी तुमने तो फूल कहाँ से लाओगे?
बेटी की हत्या करके तुम, बहू कहाँ से लाओगे?
माँ धरती पर आने दो, उनको भी लहराने दो,
बंद करो उनकी हत्या, अब जीवन ज्योति जलाने दो!!

माँ दुर्गा की पूजा करके भक्त बड़े कहलाते हो,
कहाँ गयी वह भक्ति, जो बेटी को मार गिराते हो,
लक्ष्मी को जीवन पाने दो, घर–आँगन दमकाने दो,
बंद करो उनकी हत्या अब जीवन ज्योति जलाने दो!!
बंद करो उनकी हत्या, अब जीवन ज्योति जलाने दो
अब जीवन ज्योति जलाने दो!!

एक नई सुबह

अंशिका साहू
बी.ए. तृतीय वर्ष

मन की गलियों में चुप्पी गहरी,
भावनाओं का भार है भारी, पर आशा की रोशनी है जारी।
कभी उदासी की छाया घनेरी, कभी निराशा की लहरें पहरी।
पर हर अंधेरे के पार मिलेगा, नया सवेरा, उजियारा बसेरा।

मन के भीतर तूफान उठे, सवालों के बादल घनघोर झुके।
पर विश्वास का दीप जलाना, हर मुश्किल को राह दिखाना।
खुद से प्यार का संगीत सुनो, हर एक जख्म को मीत चुनो।
जो टूटा है, वो जुड़ भी सकता, जो बिखरा है, वो सृज भी सकता।

संघर्षों में ही शक्ति पलती, दर्द की मिट्टी में आशा खिलती।
हर दिन नया, हर क्षण नया, मन का आकाश फिर से सजा।
तो मुस्कान की धूप संजो लो, हर एहसास को प्रेम से धोलो।
मानसिक शांति की राह है सरल, बस अपने मन से करो संवाद।
सफल।

एकता और अखंडता का पर्व महाकुंभ

शोधछात्रा– नेहा मौर्या
पर्यवेक्षक– डा० नेहा जैन
असि० प्रो० समाजशास्त्र
शोधकेन्द्र– प० दी० द० उपा० रा० म० स्ना० महा०, लखनऊ

ऋषि मुनियों एवं सनातन धर्म का पालनकर्ता कहा जाने वाला देश भारत आज संपूर्ण विश्व में महाकुंभ महापर्व के कारण ख्याति बटोर रहा है। महाकुंभ सिर्फ मेला ही नहीं अपितु सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक पहल से भारत के लिए महत्वपूर्ण है। यह वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म एवं संस्कृति की छवि दर्शाता है। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक 6 वर्ष में अर्ध कुंभ 12 वर्षों में पूर्णकुंभ तथा 144 वर्षों के बाद बने इस चंद्र बृहस्पति सूर्य की अवस्थाओं को महाकुंभ नाम दिया गया है।

वर्ष 2019 में प्रयागराज में ही आयोजित कुंभ मेला को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था जिसे विश्व भर में सबसे विशाल मेला कहा गया है।

महाकुंभ पृथ्वी पर श्रद्धालुओं तथा तीर्थयात्रियों का सबसे महान शांतिपूर्ण समागम है जहां श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र गंगा नदी में आस्थापूर्ण डुबकी लगाई जाती है जिससे वह मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रेषित होते हैं। यह मेला खगोल विज्ञान, ज्योतिष, अध्यात्मिक अनुष्ठान, परंपराओं एवं सांस्कृतिक रीति–रिवाज को एक सूत्र में समाहित करता है। यह भारतीय शिक्षा की नींव माने जाने वाले शिष्य गुरु के संबंध को भी दर्शाता है।

महाकुंभ का ऐतिहासिक महत्व कुछ इस प्रकार है कि माना जाता है जब देवों और राक्षसों के मध्य प्रभुत्व की लड़ाई छिड़ी तो समुद्र मंथन जैसी प्रक्रिया से अमृत कलश (कुंभ) का उद्गार हुआ तथा अमरता की इस लड़ाई में कुछ अमृत की बूँदे पृथ्वी पर छलक गई जिसमें से प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है जिसकी सर्वप्रथम शुरुआत ऋषि मुनि आदि शंकराचार्य द्वारा आठवीं शताब्दी में प्रयागराज से की गई थी। आजाद भारत में पहला कुंभ मेला 1954 मे प्रयागराज की पवित्र भूमि पर लगा था।

आर्थिक पहलू की अगर चर्चा करें तो 2025 में महाकुंभ से अनुमानित लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का राजस्व एकत्रित होगा जिससे भारतीय जीडीपी पर सकारात्मक प्रभाव देखा जा सकेगा। लगभग 45 दिनों तक चलने वाले इस महाकुंभ मेले से हजारों को रोजगार प्राप्त होगा।

यह एक आध्यात्मिक से ज्यादा भारतीय सामाजिक एकता को दर्शाता है। यह मेला क्षेत्रवाद जैसी अवधारणा को धूमिल करने में सक्षम है क्योंकि संपूर्ण भारत के लोग एक साथ आकर जात–पात, भेदभाव को भुलाकर आस्था की डुबकी लगाते हैं।

इस महाकुंभ में 'युवा महाकुंभ' भी साक्षी बनेगा जो देशभर से युवाओं एवं छात्रों का एक विशाल समागम होगा एवं उसे सामान्य सूत्र में बांधा जा सकेगा। युवा भारतीय संस्कृति को वैज्ञानिकता से विश्लेषण कर रहे हैं जो भविष्य में नए द्वार खोलने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है। नई पीढ़ी समझ रही है कि शाश्वत ही सत्य है और वही सनातन है। इन सब का मिश्रण नई तकनीकी एवं नवाचार को भी जन्म देगा जो विज्ञान एवं परंपरा एक साथ विमर्श करने से ही निकलेगा ।

एक और पहलू महाकुंभ को चर्चा में लाता है वह है इसका वैश्वीकरण जो भारत को विश्व स्तर पर जोड़ने का कार्य कर रहा है।

एप्पल के सह– संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी से लेकर कई अन्य विदेशी भारतीय संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहे हैं।इस तरह यह कहना गलत नहीं है कि भारत एक विश्व गुरु की स्थिति को बनाए रखने में सक्षम है एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत के इस स्थानीय पर्व को वैश्विक पहचान मिलना एवं इसका वैश्वीकरण होना भारत के लिए एक बहुत बड़ी गर्व की बात है।

जीवनदायिनी नदी

बहती नदी मुझे कुछ सीख दे गई
ना रुकना, ना थमना बस बढ़ते जाना
ये कह गई।

कुंभ पर्व : सांस्कृतिक विरासत

डॉ० प्रज्ञा मिश्रा
गणित विभाग

बहते–बहते सागर में समा जाना तो नदियों की नियति है, लेकिन स्वयं सागर को नदियों में समाहित होते देखना चमत्कार ही है। यह चमत्कार साकार होता है कुंभ पर्व के दौरान, जब अथाह जन सिंधु त्रिविधि ताप–पापनाशिनी नदियों की गोद में कुछ पलों की पनाह पाने को आतुर दिखता है।

कुंभ शब्द का उल्लेख वेदों में मिलता है। ऋग्वेद के दशम् मंडल एवं यजुर्वेद व अथर्ववेद में कुंभ शब्द समस्त संसार वासियों के लिए शुभ कर्मों के अनुष्ठान हेतु आता है। समुद्र मंथनजन्य अमृत कुंभ से संबंध होने के कारण कुंभ शब्द "कुंभ पर्व" के अर्थ में प्रयुक्त होता है। कुंभ शब्द की व्युत्पत्ति 6 प्रकार से की गई है–

(I) 'कुं पृथ्वी उम्भयपति पुरयाति मंगलेन ज्ञानामृतेन वा' अर्थात् जो समस्त पृथ्वी को मंगल ज्ञान से पूर्ण कर दे।
(ii) 'कुत्सित उम्भतिः' अर्थात् जो पर्व संसार के अरिष्ट और पापों को दूर कर दे।
(iii) 'कुः पृथ्वी उम्यते अनुगृह्यते आच्छादते आनंदेन पुण्येन वा' अर्थात् जिस पर्व के द्वारा पृथ्वी को आनंद व पुण्य से ढक दिया जाए।
(iv) 'कुः पृथ्वी उम्यते लही क्रियते पाप प्रक्षालनेन येन' अर्थात् पृथ्वी पर पापों को धोकर जब उसे हल्का बना दिया जाये, ऐसा पर्व – कुंभ।
(v) 'कुः पृथ्वी भावयति दीपयति' अर्थात् जो पर्व पृथ्वी को सुशोभित कर दे, दीप्त कर दे, उसके तेज को बढ़ा दे।
(vi) 'कुं सुखं ब्रह्म तद् उम्भति प्रयच्छतीति कुंभः' अर्थात् सुख स्वरूप परम ब्रह्म के अनुभव को प्रदान करने वाले संत समागम का नाम कुंभ है।

कुंभ पर्व चार स्थानों **(प्रयाग, हरिद्वार, नासिक तथा उज्जैन)** पर आयोजित किया जाता है। प्रत्येक स्थान पर इसके आयोजन का समय, ग्रहों की स्थिति के अनुसार तय किया जाता है।

पौराणिक आख्यानों के अनुसार ऋषि दुर्वासा के अभिशाप के कारण निर्बल हो चुके देवाताओं को असुरों ने पराजित कर दिया था। अपनी शाक्ति को पुनः प्राप्त करने हेतु देवताओं ने भगवान विष्णु की सलाह के अनुसार, समुद्र मंथन कर अमृत निकालने हेतु असुरों से संधि की। मंथन हेतु मंदराचल पर्वत को मथानी तथा वासुकी नाग को रस्सी के रूप में प्रयोग किया गया। समुद्र मंथन द्वारा क्षीर सागर से 14 रत्न निकले, जिसमें कालकूट विष, पुष्पक विमान, ऐरावत हाथी, पारिजात वृक्ष, धनुष, अप्सरा रंभा, कौस्तुभ मणि, बाल चंद्रमा, कुंडल धनुष, शारंग धनुष, कामधेनु गाय, उच्चैश्रवा घोड़ा, मां लक्ष्मी, विश्वकर्मा तथा अमृत कुंभ शामिल हैं।

अमृत कुंभ निकलते ही देवताओं और असुरों में इस पर अधिकार को लेकर युद्ध शुरू हो गया, जोकि 12 दिनों तक चला। इसी दौरान पृथ्वी के चार स्थानों (प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन तथा नासिक) पर अमृत कुंभ से अमृत की कुछ बूँदें गिरी थीं। इसलिए इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

एक अन्य मान्यता के अनुसार, आदि शंकराचार्य ने कुंभ मेले की शुरुआत की थी। कुछ विद्वान गुप्तकाल में इसके सुव्यवस्थित होने की बात करते हैं, परंतु प्रामाणिक तथ्य सम्राट हर्षवर्धन के समय से प्राप्त होते हैं। ह्वेनसांग ने भी अपने विवरण में कुंभ मेले का उल्लेख किया है।

4–9 दिसंबर 2017 में मध्य जेजू (दक्षिण कोरिया) में यूनेस्को (UNESCO) की 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा हेतु अंतर सरकारी समिति के 12वें' सत्र में 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' सूची में भारत में आयोजित होने वाले 'कुंभ मेले' को भी शामिल किया गया है।

कुंभ मेले में सब कुछ श्रद्धावश ही है या फिर इसका वैज्ञानिक आधार भी है। सौर मंडल के विशिष्ट ग्रहों के विशेष राशियों में प्रवेश करने से बना खगोलीय संयोग इस पर्व का आधार है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार सूर्य, चंद्रमा, गुरु और शनि की विशेष युतियों में कुछ विशेष किस्म की खगोलीय ऊर्जा पृथ्वी पर चुनिंदा स्थानों पर स्थित जल भंडारों को प्रभावित करती है और यह जल मनुष्य के स्वास्थ्य व कार्मिक ऊर्जाओं को बल देता है, पुष्ट बनाता है।

वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध है कि गंगा जल में कभी कीड़े नहीं पड़ते। गंगा जल में आक्सीजन की मात्रा अधिक होने और इसमें कुछ विशिष्ट विषाणुओं के मौजूद होने से यह अत्यधिक विशिष्ट है। जापानी वैज्ञानिक मसारु इमेटो ने गंगा जल पर शोध में पाया कि जल में विशेष प्रकार की संरचनाएं निर्मित होती हैं, जिसका आधार वहाँ का वातावरण, कॉस्मिक ऊर्जाएं और वहाँ स्थित भावनाएं होती हैं। जल के विशेष क्रिस्टल मानव ऊर्जाओं को प्रभावित करते हैं। ऋषियों ने लाखों वर्ष पूर्व ही इस सत्य को जान लिया था और विशेष कॉस्मिक परिस्थितियों का लाभ, आने वाली पीढ़ियों को कैसे दिया जाए, इसका तरीका भी उन्होंने खोजा। वस्तुतः कुंभ पर्व इसी प्रकार की खोज का नतीजा है, जो मानवमात्र के लिए कल्याणकारी है।

कुंभ पर्व हमारी राष्ट्रीयता का प्रतीक है। यह सभी को एकत्व भाव में पिरोता है। इस मेले में कौन कहां से आया? किस जाति का है? किसको क्या पता और न ही जानने की किसी की इच्छा होती है। पवित्र नदियां सभी को नहला देती हैं। ऊँच–नीच, अमीर–गरीब के भावों से दूर सभी एक साथ स्नान करते हैं। सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा मंत्र यहीं मिलता है।

मार्क टुली के शब्दों में 'विश्व के सबसे विशाल जनसंगम के रूप में कुंभ एक चमत्कार ही है, भारत की अदृश्य आध्यात्मिक शक्ति का दृश्य प्रतीक है।' कुंभ मेला, वास्तव में विशाल भारत की विविधता में एकता का संगम है। यह भारत के सांस्कृतिक प्रवाह के महान वाहक के रूप में उभरकर आता है। समाज को चिरस्थायी बनाए रखने हेतु कुंभ पर्व भारतीय समाज का आधार है।

डिजिटल युग में भारतीय राष्ट्रवाद

विमल कुमार मौर्या
शोध छात्र इतिहास विभाग

"राष्ट्र से राज्य या राष्ट्रवाद नहीं बनता बल्कि राज्य से
राष्ट्र और राष्ट्रवाद निकलता है।" **एरिक हॉब्सबॉम**

भारतीय राष्ट्रवाद डिजिटल युग में एक नये स्वरूप में अभिव्यक्त होता हुआ दिखाई पड़ता है, यथारुप सामाजिक मीडिया, ऑनलाइन प्लेटफार्म्स और डिजिटल संचार माध्यमों ने राष्ट्रवाद की परिभाषा और अभिव्यक्ति के तरीकों को बदल दिया है। तकनीकी प्रगति ने भारतीय राष्ट्रवाद की पारम्परिक पहचान को नवीन संभावनाओं की दिशा प्रदान की है जिस कारण से राष्ट्रवाद अब एक व्यापक और तीव्र सम्प्रेषण का माध्यम बन गया है, जहाँ देश के नागरिक अपनी संस्कृति और देशभक्ति का प्रदर्शन कर सकते हैं हालाँकि
इस तकनीकी प्रगति ने भारतीय राष्ट्रवाद के समक्ष चुनौतियाँ भी पेश की है–

मूल शब्द **1**. सोशल मीडिया का योगदान **2**. सूचना प्रसार **3**. डिजिटल आन्दोलन **4**. युवा शक्ति का जुड़ाव **5**. सांस्कृतिक संरक्षण **6**. वैश्विक मंच पर पहचान **7**. भारतीय राष्ट्रवाद के समक्ष नवीन चुनौतियाँ **8**. निष्कर्ष

(1) सोशल मीडिया का योगदान – आधुनिक दौर में सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफार्म बन गया है जहां लोग अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं, विचार विमर्श कर सकते हैं। आज सोशल मीडिया राष्ट्रीय घटनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में दृष्टिगत है, इतना ही नहीं सोशल मीडिया भारत के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने तथा एकता की भावना को प्रज्ज्वलित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

(2) सूचना प्रसार– सूचना प्रसार ने भारतीय राष्ट्रवाद को शिखर तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है–
जैसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय आन्दोलन से संबंधित कार्यक्रम, वृत्तचित्र और लेख प्रकाशित किए। रेडियो और टेलीविजन पर आजादी की लड़ाई के नायकों जैसे महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, बी0डी0 सावरकर आदि के जीवन पर आधारित कार्यक्रमों ने राष्ट्रवाद को मजबूत किया। ऑल इंडिया रेडियों ने अपने कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचाया। दूरदर्शन पर प्रसारित किए गए धारावाहिकों जैसे– "भारत एक खोज" और "महाभारत" ने भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति गर्व बढाया। भारतीय सिनेमा ने राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने वाली कई फिल्में बनाई जैसे– लगे रहो मुन्ना भाई, चक दे इंडिया, स्वदेश, और उरी द सर्जिकल स्ट्राइक।" इतना ही नहीं हाल के वर्षों में डिजिटल मीडिया का उपयोग राष्ट्रीय अभियानों के लिए किया गया है, जैसे "स्वच्छ भारत अभियान", "मेक इन इण्डिया" और "हर घर तिरंगा"। तमाम सरकारी बेवसाइटें और सोशल मीडिया अकांउट्स राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

(3) डिजिटल आन्दोलन– डिजिटल प्लेटफॉर्म ने बड़े पैमाने पर आन्दोलन को जन्म दिया जैसे "आत्मनिर्भर भारत", "हर घर जल", "जल जीवन मिशन", जिनसे भारतीय नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना का विकास हुआ।

(4) युवा शक्ति का जुड़ाव – सोशल मीडिया माध्यम भारतीय युवाओं को राष्ट्रवाद से जोड़ने में एक प्रभावी माध्यम बना है।

(5) सांस्कृतिक संरक्षण – डिजिटल मीडिया ने डिजिटल संग्रहालय, ई–बुक्स और वेबसाइट्स से क्रान्तिकारी भूमिका निभाई है। जैसे डिजिटल संग्रहालयों ने ऐतिहासिक धरोहरों, कला और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और प्रदर्शित करने के लिए एक नया माध्यम प्रदान किया। उदाहरण–

- नेशनल म्यूजियम, दिल्ली का वर्चुअल टूर जहाँ लोग घर बैठे भारत की प्राचीन मूर्तियाँ, पेंटिंग्स और ऐतिहासिक वस्त्र देख सकते हैं।
- इंडियन डिजिटल हेरिटेज प्रोजेक्ट– जिसमें अजंता–एलोरा की गुफाओं और अन्य धरोहरों का डिजिटलीकरण किया गया है।

प्राचीन पांडुलिपियों, साहित्यिक कृतियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों को ई बुक्स के रूप में सहेजा गया है। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और उनकी जानकारी साझा करने के लिए कई वेबसाइट्स बनाई गई हैं जैसे– इंडिया कल्चर पोर्टल, आर्काइव्स ऑफ इंडिया"।

(7) भारतीय राष्ट्रवाद के समक्ष नवीन चुनौतियाँ – जहाँ एक तरफ डिजिटल मीडिया ने भारतीय राष्ट्रवाद को मजबूत किया है वहीं इसके कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग करके झूठी खबरें और अफवाहें फैलाने की घटनाएं बढ़ी हैं, जो सामाजिक और सांस्कृतिक तनाव का कारण हैं इतना ही नहीं राष्ट्रवाद के डिजिटल स्वरूप में अतिवाद और ध्रुवीकरण की प्रवृत्तियां देखने को मिलती हैं।

(8) निष्कर्ष – डिजिटल युग में भारतीय राष्ट्रवाद देश के निवासियों के लिए एक ऊर्जा बन गया है क्योंकि भारतीय राष्ट्रवाद अब एक विचार मात्र नहीं बल्कि प्रेरणा का स्त्रोत है जो भारत को सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है।

मानसिक स्वास्थ्यः वर्तमान समय की आवश्यकता

अपर्णा तिवारी
(शोध छात्रा)
विभाग –राजनीति शास्त्र

हाल ही में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय युवती ने काम के अत्यधिक दबाव के कारण आत्महत्या कर ली।

कुछ समय पूर्व इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह दी, इसके लार्सन एंड टुर्गो (LPT) के चेयरमैन एस एन सुब्रह्मण्यन ने बयान दिया जिसमें कहा कि सप्ताह में सभी कर्मचारियों को कम से कम 90 घंटे काम करना चाहिए।

उपरोक्त घटनाएँ बढ़ती प्रतिस्पर्धा व उससे उत्पन्न तनाव की स्थिति को प्रदर्शित करती हैं जहाँ व्यक्ति ने आगे बढ़ने की दौड़ में अपने मानसिक स्वास्थ्य को पीछे छोड़ दिया है।

मानसिक स्वास्थ्य से तात्पर्य भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और सामाजिक तौर पर स्वस्थ रहने की स्थिति से है! WHO मानसिक स्वास्थ्य को मानसिक कल्याण के रूप में परिभाषित करता है, जिसमें व्यक्ति को अपनी क्षमताओं का अनुभव होता है। जिससे वे जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकते हैं।

ILO की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक तौर पर 15% कार्यशील वयस्क मानसिक विकारों से ग्रस्त हैं।

उदासी महसूस करना, अरुचि उत्पन्न होना, व्यवहार में बार–बार बदलाव महसूस करना, नींद न आना, आत्महत्या संबंधी विचार आना आदि परिस्थितियाँ मानसिक विकार के संकेत हैं।

भाग दौड़ भरी जिंदगी ने लोगों के मध्य संवाद पर संपर्क को धूमिल किया है। रिश्तों को निभाना हो या किसी शुभ अवसर पर शुभकामनाएँ देना हो, हम मात्र सोशल मीडिया तक सिमट कर रह गये हैं। किसी के द्वारा किया गया लाइक और अच्छा कमेंट हमें प्रसन्नता देने की ताकत रखता है और गलत कमेंट या डिस्लाइक हमें दुखी कर सकता है!

वर्तमान सूचना के युग में व्यक्ति ने एक आभासी दुनिया का निर्माण कर लिया है जब तक इस आभासी दुनिया में चीजें हमारे अनुरूप होती हैं, तब तक हम प्रसन्न रहते हैं जब हम वास्तविक दुनिया की किसी स्वास्थ्य और तनाव संबंधी समस्या का सामना करते हैं और यह आभासी दुनिया हमारी मदद करने में सक्षम नहीं रहती है तब हमारा मतिभ्रम टूटता है और मानसिक अवसाद जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

बढ़ता भौतिकवाद, प्रकृति से दूरी, अकेलापन, प्रतिस्पर्धा का दौर, टूटते पारिवारिक संबंध सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग आदि कारकों ने मानसिक विकार की स्थिति को बढ़ाया है।

आवश्यकता है कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे को प्राथमिकता देने की। प्रारंभ से ही बच्चे को प्रकृति से जोड़ा जाए, योग व ध्यान की परंपरा को जीवित किया जाए, संवाद के वातावरण को आभासी की बजाय प्रत्यक्ष बनाया जाए। सरकार व नागरिक समाज द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाए व इसके उपचार को प्रसारित किया जाए।

समाज की यह जिम्मेदारी है कि इस मुद्दे के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दे व हर एक मानसिक विकार को पागलपन से न जोडे।

सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए निम्न प्रयास किए गए हैं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017, मनोदर्पण पोर्टल (छात्रों, परिवार के सदस्यों व शिक्षकों, को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता)।

छात्रों के नकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को प्रदर्शित करती कोटा की स्थितिः –

राजस्थान का कोटा शहर जिसे इंजीनियरिंग व मेडिकल तैयारी का गढ़ माना जाता है वर्तमान में वह छात्रों की आत्महत्या के नगर के रूप में प्रसिद्ध हो गया। बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा व परिवार की आकांक्षाओं के दबाव का बोझ छात्र सहन नहीं कर पा रहे हैं और उनकी सांसें दम तोड दे रही हैं।

हाल ही में 7 जनवरी 2025 हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी नीरज जाट ने अपने हॉस्टल में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, वह कोटा में जेईई की तैयारी कर रहा था।

मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी अभिषेक लोधा ने पढ़ाई के तनाव के कारण आत्महत्या की उसने अपने सुसाइड नोट में परिवार से माफी माँगते हुए लिखा, "मैं पढ़ाई नहीं कर पाया I am Sorry!"

उपरोक्त आत्महत्या के उदाहरण बच्चों पर अत्यधिक पढ़ाई के दबाव, घर से दूर रहने की चुनौतियों और मानसिक अवसाद की स्थिति को प्रदर्शित करते हैं।

इन घटनाओं के बाद कोटा जिला प्रशासन ने 'कामयाब कोटा' अभियान शुरु किया है, जिसके तहत कलेक्टर ने छात्रों से संवाद किया और फैकल्टी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के निर्देश दिए हैं।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा वर्तमान समय का एक प्रमुख मुद्दा है जिस पर परिवार, समाज, शैक्षणिक संस्थान व सरकार आदि को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

श्रेया वर्मा
बी.ए. तृतीय वर्ष

"समानता, स्वतंत्रता और न्याय हर व्यक्ति का अधिकार है। इन मूल्यों को संरक्षित करना ही मानवता की सच्ची सेवा है।"

मानव दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस भी कहा जाता है, हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन मानवाधिकारों के प्रति जागरुकता फैलाने और सभी व्यक्तियों के लिए स्वतंत्रता, समानता और गरिमा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। यह दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा "सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषणा" को अपनाने की स्मृति में मनाया जाता है।

महत्व – मानव दिवस का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को उनके मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति जागरुक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जाति, धर्म, भाषा, लिंग, या राष्ट्रीयता के आधार पर भेदभाव से बचते हुए सभी को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए।

मानवाधिकार और उनकी सुरक्षा – मानवाधिकार हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसमें जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता शामिल है। हालाकि कई देशों में आज भी इन अधिकाओं का हनन होता है।

गरीब, वंचित और अल्पसंख्यक समुदायों के साथ अकसर अन्याय किया जाता है। ऐसे में मानव दिवस हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है कि हम इन आधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रयास करें।

मानव दिवस की गतिविधियाँ – मानव दिवस पर विश्वभर में अनेक जागरूकता अभियान, संगोष्ठियां और रैलियां आयोजित की जाती हैं। स्कूल कॉलेज और संगठनों में मानवाधिकारों पर चर्चा और वाद–विवाद प्रतियोगिताएं होती हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

हमारी जिम्मेदारी – मानवाधिकारों की रक्षा करना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज में किसी के साथ अन्याय या भेदभाव न हो । हर व्यक्ति को गरिमा और सम्मान के साथ जीने का अधिकार है, और हमें इसे सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

निष्कर्ष– मानव दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मानवाधिकार केवल अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी हैं। यह दिन समाज में समानता, न्याय और स्वतंत्रता स्थापित करने का आह्वान करता है। जब तक हर व्यक्ति को उसके अधिकार नहीं मिलते तब तक मानवता का उद्देश्य अधूरा रहेगा। इसलिए, हमें यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में मानवाधिकारों के मूल्यों को अपनाएंगे और समाज को बेहतर बनाने के लिए योगदान देंगे।

आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम

डॉ निशी मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग

आत्मनिर्भर भारत एक ऐसा विजन है जिसमें भारत को एक आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। इसका अर्थ है कि भारत अपनी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर न हो, बल्कि अपने संसाधनों और क्षमताओं का उपयोग करके अपनी समस्याओं का समाधान करे।

आत्मनिर्भर भारत एक वाक्यांश है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने देश की आर्थिक विकास योजनाओं के संबंध में उपयोग किया और लोकप्रिय बनाया। यह वाक्यांश मोदी सरकार की विश्व अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने और इसे और अधिक कुशल, प्रतिस्पर्धी और लचीला बनाने के लिए मोदी सरकार की योजनाओं के लिए एक सार्थक अवधारणा है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान का प्रथम लोकप्रिय उपयोग 2020 में भारत के कोविड–19– महामारी से सम्बन्धित आर्थिक पैकेज की घोषणा के दौरान हुआ था। तब से, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय द्वारा इस वाक्यांश का उपयोग किया गया है। सरकार ने भारत की नूतन राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारत के 2021 के केन्द्रीय बजट के सम्बन्ध में भी इस वाक्यांश का उपयोग किया है।

स्वदेशी आन्दोलन भारत के सबसे सफल स्वतंत्रता पूर्व आंदोलनों में से एक था। 1947 और 2014 के बीच कई पंचवर्षीय योजनाओं में देश के योजना आयोग द्वारा आत्मनिर्भरता की अवधारणा का उपयोग किया गया है। भारत स्वतंत्रता के बाद से ऐसी नीतियाँ बना रहा है और संस्थानों का निर्माण कर रहा है जो आत्मनिर्भरता की वृद्धि करते हैं। निजी कम्पनियों और उनके उत्पादों को पेय पदार्थ औटोमोटिव, सहकारी समितियों, वित्तीय सेवाओं और बैंकिग, औषधि निर्माण और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के उदाहरण के रूप में माना गया है।

भारत में कोरोनावायरस महामारी की पृष्ठभूमि में, महामारी प्रेरित लॉकडाउन, और घरेलू अर्थव्यवस्था के विकास में पहले से मौजूद मंदी और महामारी के आर्थिक प्रभाव के कारण, सरकार आत्मनिर्भरता के एक अनुकूलित विचार के साथ सामने आई। 12 मई 2020 को, प्रधान मंत्री मोदी ने पहली बार लोकप्रिय रूप से हिंदी वाक्यांश का इस्तेमाल किया जब उन्होंने कहा विश्व की आज की स्थिति हमें सिखाती है कि इसका मार्ग एक ही है– आत्मनिर्भर भारत। भारत सरकार आने वाले दिनों में एक आर्थिक पैकेज लेकर आई जिसे **आत्मनिर्भर भारत मिशन** के रूप में लेबल किया गया।

अनुकूलित आत्मनिर्भरता जो उभरी, वैश्वीकृत दुनिया के साथ जुड़ने और चुनौती देने के लिए तैयार थी, वह पिछले दशकों के स्वतंत्रता पूर्व स्वदेशी आंदोलन से विपरीत थी। हालाँकि, स्वदेशी को भी वोकल फॉर लोकल जैसे नारों के साथ रूपांतरित किया गया है, साथ ही साथ वैश्विक अंतर्संबंध को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य इसे समेटना है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट बताती है, "मोदी की नीति का उद्देश्य घरेलू बाजार में आयात को कम करना है, लेकिन साथ ही साथ अर्थव्यवस्था को खोलना और दुनिया के बाकी हिस्सों में निर्यात करना है।"

आत्म निर्भर भारत के लिए कदम

1. स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना : स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना और उन्हें बढ़ावा देना।

2. उद्योग और विनिर्माण को बढ़ावा देना : उद्योग और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नीतियों और योजनाओं का समर्थन करना।

3. कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए काम करना : कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए काम करना और सरकारी योजनाओं का समर्थन करना।

4. ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए काम करना : ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए काम करना और अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करना ।

5. शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना : शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं का समर्थन करना और सामाजिक संगठनों के साथ काम करना।

विकास योजनाएं

1. प्रधानमंत्री आवास योजना : गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराना।
2. प्रधानमंत्री जन धन योजना : गरीबों के लिए बैंक खाते खोलना।
3. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : गरीबों के लिए एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना।
4. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : किसानों के लिए फसल बीमा उपलब्ध कराना।
5. प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना : गरीबों के लिए स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना।

बच्चों के खाद्य उत्पाद पर मीडिया और विज्ञापन का प्रभाव

आरती वर्मा,
रिसर्च स्कॉलर
गृहविज्ञान विभाग

आज के समय में लगभग हर उम्र के बच्चे अपने खाली समय का उपयोग प्रायः टेलीविजन, केबल सहित विभिन्न प्रकार के मीडिया संयोजनों जैसे डीवीडी, वीडियो गेम, कंप्यूटर, इन्टरनेट और सेल फोन पर व्यतीत करते हैं। मीडिया के उपयोग की अधिकता से बच्चों की पसंद प्रभावित होती है तथा उनमे मोटापे और दीर्घकालिक बीमारियों का खतरा होने लगता है, इसमें टेलीविजन विज्ञापन विशेष रूप से बच्चों के खाद्य और पोषण सम्बंधित ज्ञान के साथ–साथ उनके खरीदने के निर्णय को प्रभावित करता है। हर रोज हमारे बच्चे टेलीविजन के विज्ञापनों और मीडिया के बढ़ते तकनीकों के उपयोग के साथ बढ़ते जा रहे हैं। यद्यपि विज्ञापन को सीधे बचपन के मोटापे से नहीं जोड़ा गया है लेकिन कई मीडिया चौनलों के माध्यमों से बच्चों को लक्षित विज्ञापनों में खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों और इसके बारे में बच्चों की पसंद को दिखाया जाता है जिससे यह स्पष्ट है कि विज्ञापन से बच्चों द्वारा खाद्य उत्पाद को खरीदने की इच्छा बढ़ जाती है। आधे से अधिक टेलीविजन विज्ञापन बच्चों के लिए प्रत्यक्ष रूप से उनके खाद्य तथा पेय पदार्थों जैसे कैंडी, फास्ट फूड, स्नैक्स, शीतल पेय पदार्थ, मीठे खाद्य पदार्थ जो कैलोरी और वसा में उच्च तथा फाइबर और अन्य पोषक तत्वों में निम्न होते हैं ऐसे खाद्य पदार्थों का सीधे विज्ञापन करते हैं, ऐसे विज्ञापन प्रायः बच्चों के लिए विनाशकारी साबित होते हैं, तथा बच्चो में मोटापा बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चों के लिए टेलीविजन के विज्ञापन दाता पहले बच्चों के माता–पिता से अपील करते थे, लेकिन अब वे सीधे बच्चों से अपील करते हैं।

कम उम्र में बच्चे टेलीविजन के प्रति आकर्षित हो जाते हैं, जो हमारे लिए जीवन शैली, मूल्य और सामाजिक प्रतिमानों को चित्रित करने में सबसे अधिक सक्षम हैं। एक अन्वेषक का अनुमान है कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चे प्रति सप्ताह 20– 25 घंटे औसतन अपने समय का उपयोग टेलीविजन देखने पर व्यतीत करते हैं। जिसमें दिखाए गये विभिन्न खाद्य उत्पादों के विज्ञापनों के अनुसार वे अपने माता–पिता से उस खाद्य उत्पाद की मांग करते हैं। विज्ञापनों में प्रायः पिज्जा, बर्गर, चॉकलेट, बिस्कुट, बेफर, नूडल्स और सॉफ्ट ड्रिंक इत्यादि जैसे जंक फूड बच्चों के खाद्य पदार्थ टीवी पर काफी प्रचारित किए जाते हैं। यह बच्चों में वसायुक्त, शर्करा और फास्ट फूड जैसे खाद्य पदार्थों को खाने की लालसा को विकसित करते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे विज्ञापन बच्चों को उत्पादों की खरीद के लिए अपने माता–पिता को मनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं यदि वे उत्पाद नहीं खरीदे जाते हैं, तो वे अपनी जिद पर अड़े रहते हैं जिससे उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ जाता है।

बच्चों के खाद्य संबंधित आदतों पर विज्ञापन का प्रायः निम्न प्रभाव पड़ता है :

- भोजन संबधी रूचि – अरुचि
- अधिक तला भुना तथा मसाले युक्त भोजन का अभ्यस्त होना

खाद्य पदार्थों के विज्ञापन की सामग्री, गुणवत्ता और विज्ञापन की प्रस्तुति के आधार पर बच्चों पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव दोनों हो सकते हैं।

सकारात्मक प्रभाव

बच्चों के खाद्य पदार्थों से सम्बंधित विज्ञापन के कुछ सकारात्मक प्रभाव निम्न हैं –

१. स्वस्थ भोजन विकल्प का सही तरीके से विज्ञापन बच्चे को अधिक संतुलित आहार चुनने के लिए भी प्रेरित करते हैं

२. शराब और धूम्रपान के परिणामों को दिखाने वाले विज्ञापन बच्चों को उनसे सम्बन्धित जोखिमों को समझने में मदद कर सकते हैं, और उनसे ऐसे उत्पादों से दूर रहने का आग्रह करते हैं।

नकारात्मक प्रभाव

बच्चों के खाद्य पदार्थों से सम्बंधित विज्ञापन के कुछ नकारात्मक प्रभाव निम्न हैं –

१. विज्ञापित खाद्य पदार्थों का एक बड़ा हिस्सा जंक फूड है जो कि बच्चों के लिये बहुत ही आकर्षक होते हैं। ये बच्चे की खाने की आदतों को प्रभावित करते हैं और एक अस्वास्थ्यकर जीवन शैली को बढ़ावा देते हैं।

इस शोध का उद्देश्य खाद्य पदार्थों के प्रति बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ उनके खाने के व्यवहार पर मीडिया तथा विज्ञापनों के लाभकारी और हानिकारक दोनों प्रभावों का पता लगाना और विज्ञापन जगत में बच्चों के अधिक जोखिम को रोकने के लिए एकीकृत कानून तैयार करके विज्ञापन उद्योग को कैसे विनियमित किया जा सकता है, इसकी पहचान करना है।

वादा

तसमान्या बी.कॉम (स्वरचित)

जो तू कर सकती है, वो वादा भी कर, बातें औकात से ज्यादा भी कर।आसमान को छूने की तमन्ना तो कर, लेकिन किसी को गिराकर आगे बढ़ने का वादा न कर, सभी को साथ में खुशी से लेकर चलने का इरादा भी कर।

एक नई सुबह

सुधा चौरसिया
एम.0ए0 प्रथम वर्ष
समाजशास्त्र विभाग

एक नई सुबह, एक नया सवेरा,
जीवन की नई उमंग, नई आशा का संचार।
सूरज की पहली किरण, नई रोशनी का संदेश,
एक नई सुबह, जीवन को नई दिशा देने का अवसर।।

नई सुबह की हवा, नई उमंग को जगाती है,
नई सुबह की धूप, नई आशा को बढ़ाती है।

जीवन की नई शुरुआत, नई सुबह के साथ होती है,
नई सुबह की खुशियाँ, जीवन को रंगीन बनाती हैं।
एक नई सुबह, जीवन को नई ऊर्जा देती है,
नई सुबह की सुंदरता, जीवन को आनंदित करती है।

परिश्रम ही तो जीवन है

रिया मिश्रा
बी.एस–सी द्वितीय वर्ष

परिश्रम ही तो जीवन का आधार है,
यही तो सफलता का सच्चा द्वार है।
बिना श्रम के सपने अधूरे रह जाते हैं,
जैसे बिना जल के फूल मुरझा जाते हैं।
मेहनत से ही मिलती ऊँचाई,
इसी–से चमकती है किस्मत की कलाई।
जो थककर बैठ जाए मंजिल से पहले,
सपने उसके रह जाते अधूरे पल में।
जीवन एक रण है, कर्म है हथियार,
परिश्रम से ही मिलता है संसार।
भाग्य को मत दो दोष उठो और करो प्रयास,
मेहनत का साथ पाकर मिलेगा हर सुख खास।
पर्वत भी झुकता है परिश्रम के सामने,
हर रुकावट पिघलती है इंसान के हाथों में।
जिन्होंने किया मेहनत पर विश्वास,
उनके नाम हुआ दुनिया का इतिहास।
इसलिए कहता है हर ज्ञानी,
परिश्रम से बढ़कर नहीं कोई कहानी।
जीवन का सार यही है सच्चा,
परिश्रम ही तो है सबसे अच्छा।

मेरा गांव

वैष्णवी दुबे
बी.एस–सी द्वितीय वर्ष

बड़ा भोला बड़ा सादा बड़ा सच्चा है।
तेरे शहर से तो मेरा गांव अच्छा है।
वहां मैं, मेरे पिता के नाम से जाना जाता हूँ।
और यहाँ मकान नंबर से पहचाना जाता हूँ।
वहाँ फटे कपड़ों में भी तन को ढका जाता है,
